दोनों को स्थानीय लोगों ने घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें बिलासपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहां से महिला को आईजीएमसी रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार एक कार घुमारवीं से डंगार की तरफ जा रही थी। दधोल चौक पर एक अन्य कार से टक्कर हो गई। कार सवार बल्होटा गांव की 45 वर्षीय अंजना और 55 वर्षीय ज्ञान चंद गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएसपी अनिल ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है। एक कार चालक का मेडिकल करवाया जा रहा है।



दधोल चौक पर क्षतिग्रस्त कार। -संवाद

दधोल चौक पर हादसा, घायल महिला आईजीएमसी रेफर

लावारिस बैल ने पूर्व सैनिक को मार डाला, ड्यूटी दे रहा होमगार्ड किया जख्मी

बिलासपुर जिले के घुमारवीं में दोनों मामले, अस्पताल में तोड़ा पूर्व सैनिक ने दम

संवाद न्यूज एजेंसी

घुमारवीं (बिलासपुर)। घुमारवीं में लावारिस बैल ने पूर्व सैनिक की जान ले ली। मंगलवार सुबह वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान बैल ने अचानक हमला बोल दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

जिले में अब तक लावारिस पशुओं ने 15 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। नगर परिषद घुमारवीं के वार्ड सात दकड़ी में मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पूर्व सैनिक अपने घर से कुछ दूर खेत में काम कर रहा था। बैल ने अचानक हमला बोल दिया। जब चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं तो परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मुश्किल से बैल के चुंगल से छुड़ाया।

जिले में अब तक 15 लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं पशु

बैल के हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे घुमारवीं के निजी अस्पताल ले गए जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कालीदास (70) पुत्र डंडू राम वार्ड सात दकड़ी के रूप में हुई है। प्रशासन की तरफ से हलका पटवारी ने 20 हजार रुपये की फौरी राहत प्रदान की।

पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एसडीएम राजीव ठाकुर ने कहा कि तहसीलदार को फौरी राहत राशि देने के लिए कह दिया गया है और पटवारी ने परिजनों को बीस हजार की राहत राशि सौंप दी है।

प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को दी 20 हजार रुपये की राहत

होमगार्ड के बाजू और पीठ में गंभीर चोटें

घुमारवीं (बिलासपुर)। घुमारवीं शहर के अति व्यस्त गांधी चौक पर ड्यूटी दे रहे होमगार्ड के जवान पर मंगलवार को लावारिस बैल ने हमला कर दिया। होमगार्ड बुरी तरह से घायल हो गया है। स्थानीय युवक होमगार्ड कर्मी को अस्पताल ले गए। उपचार देने के बाद होमगार्ड को घर भेज दिया गया है।

होमगार्ड को बाजू और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। होमगार्ड की पहचान रमेश चंद (48) पुत्र जगदीश चंद गांव नखलेहड़ा डाकघर मातला तहसील झंडूता जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मंगलवार को साढ़े 11 बजे होमगार्ड गांधी चौक पर ड्यूटी दे रहा था। बैल ने होमगार्ड कर्मी को सींगों से उछालकर जमीन पर पटक दिया। इससे उसे गंभीर चोटें आईं। होमगार्ड कर्मी को स्थानीय युवक मोटरसाइकिल पर घुमारवीं अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने उपचार देने के बाद उसे घर भेज दिया और चार दिन आराम करने को कहा है। संवाद

बिलासपुर बस अड्डे पर दो बसों के बीच फंसकर व्यक्ति की गई जान

बस को बैक करते समय हुआ दर्दनाक हादसा, दनोह कोसरियां के रहने वाले थे ब्रह्मदास

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। बिलासपुर बस अड्डा में दो बसों के बीच फंसकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। चालक सरकारी बस को पीछे कर रहा था।

इसी दौरान एक व्यक्ति सरकारी और निजी बस के बीच फंस गया। व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सरकारी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार व्यक्ति बस अड्डा बिलासपुर में अखबार बेचने का काम करता था। शनिवार करीब 3 बजे वह बस अड्डे में खड़ा था। चालक सरकारी बस को पीछे कर रहा था। जैसे ही बस व्यक्ति के पास पहुंची तो बचने के लिए वह वहां खड़ी एक निजी बस में चढ़ने लगा। लेकिन वह दोनों बसों के बीच फंस गया। हादसे के बाद व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति की पहचान ब्रह्मदास (59) पुत्र हरिराम निवासी दनोह कोसरियां बिलासपुर के रूप में हुई है।



बिलासपुर बस अड्डे पर हादसे के बाद खड़ी बसें। संवाद

डीएसपी राजकुमार ने बताया कि सरकारी बस चालक की गलती के कारण व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। सरकारी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पेयजल भंडारण टैंक में डूबने से युवक की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

अपने रिश्तेदार से मिलने गया था नाल्टी, संतुलन बिगड़ने से पानी के टैंक में गिरा

भराड़ी (बिलासपुर)। भराड़ी थाना के तहत नाल्टी क्षेत्र में पेयजल भंडारण टैंक में डूबने से 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक को बचाने की लोगों ने काफी कोशिश की, लेकिन उसे बचा नहीं सके। भराड़ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नाल्टी पंचायत के पल्ली गांव का 33 वर्षीय राजेश का रिश्तेदार पंप ऑपरेटर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे राजेश अपने रिश्तेदार से मिलने पानी के टैंक पर चला गया। वहां पर उसका रिश्तेदार व दो अन्य कर्मचारी पाइपों की मरम्मत का कार्य कर रहे थे। इस दौरान राजेश पानी के टैंक पर बैठ गया। अचानक राजेश का संतुलन बिगड़ा और वह पानी के टैंक में गिर गया। उसका रिश्तेदार रोशन, हेल्पर विद्यासागर और बेलदार पानी के टैंक की तरफ दौड़े।

उन्होंने राजेश को बचाने की काफी मशक्कत की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। स्थानीय लोग भी इस दौरान मौके पर पहुंच गए। करीब 25 फीट गहरे पानी के टैंक में रस्सा डालकर राजेश को निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी अश्वनी ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन जारी है।

दो सड़क हादसों में तीन मजदूरों समेत पांच लोग घायल

दधोल चौक पर कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी कार को मारी टक्कर, पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने पर काटा चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

नेशनल हाईवे-103 पर खड़े ट्रक से टकराई कार

भराड़ी (बिलासपुर)। भराड़ी थाना के तहत दधोल चौक पर कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को टक्कर मार दी। गाड़ी सड़क पर ही पलट गई। हादसे में कार चालक को चोटें आई हैं।

वहीं शुक्रवार रात कार की खड़े ट्रक के साथ टक्कर हो गई। कार चालक और तीन मजदूर घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कार घुमारवीं से डगार की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि चालक व कार सवार व्यक्ति शराब के नशे में थे। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। भराड़ी थाना कर्मी मौके पर पहुंचे। भराड़ी थाना प्रभारी संजीव ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कार चालक का चालान काटा गया है।



दधोल चौक के पास सड़क पर पलटी कार। संवाद

वहीं भराड़ी थाना के तहत नेशनल हाईवे-103 पर दधोल पर शुक्रवार रात करीब दस बजे कार की खड़े ट्रक के साथ टक्कर हो गई। कार चालक और तीन मजदूर घायल हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने घायलों को तुरंत घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया। ट्रक चालक ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया है। डीएसपी अनिल ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है। मामले की छानबीन जारी है।

तूफान से झील में डूबा बोट चालक करंट लगने से प्रवासी युवक की मौत

गोविंद सागर झील में लापता बोट चालक की तलाश शुरू, एसडीएम स्वारघाट भी मौके पर पहुंचे

संवाद न्यूज एजेंसी

श्री नयनादेवी जी/घुमारवीं (बिलासपुर)। जिले में तेज तूफान चलने से बोट चालक गोविंद सागर झील में डूब गया। वहीं करंट लगने से एक प्रवासी युवक की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर आए तेज तूफान में एक बोट चालक समेत भाखड़ा बांध के समीप गोविंद सागर झील में डूब गया। हादसे के बाद पानी में डूबे बोट और उसके चालक का पता नहीं चल पाया है। बीबीएमबी प्रबंधन और पुलिस ने पानी में डूबे बोट और उसके चालक की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। झील में लापता हुए बोट चालक की पहचान प्रदीप कुमार (28) जगदीश राम गांव खुलमी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुआ बोट भाखड़ा के नजदीक गलुआ बस्ती के पास डूबा है। बताया जा रहा है कि बोट का इस्तेमाल बोटिंग के लिए होता था। हादसे के समय इस बोट पर सिर्फ चालक ही सवार था। तेज तूफान में चालक नियंत्रण खो बैठा और बोट समेत झील के पानी में डूब गया। चालक की तलाश के लिए लोग मौके पर जुटे, लेकिन उसका पता नहीं चला। खबर लिखे जाने तक डूबे चालक और बोट का पता नहीं चल पाया था। सूचना पाकर एसडीएम स्वारघाट सुभाष गौतम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि



भाखड़ा बांध के समीप बोट चालक को ढूंढते बीबीएमबी के कर्मचारी। -संवाद

स्वामी विवेकानंद डिग्री कॉलेज घुमारवीं में काम करते समय युवक को लगा करंट

बीबीएमबी की सहायता से बोट और चालक को ढूंढने का प्रयास जारी है। वहीं डीएसपी श्री नयना देवी अभिमन्यु वर्मा ने कहा कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया था। बोट के चालक की तलाश की जा रही है।

श्री नयनादेवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामलाल ठाकुर ने कहा कि गोविंद सागर झील में बोट के साथ डूबे युवक के घरवालों को प्रशासन फौरी राहत जारी करे। उन्होंने जिला उपायुक्त से मांग की कि गोताखोरों को बुलाकर युवक को ढूंढा जाए। वहीं स्वामी विवेकानंद डिग्री कॉलेज घुमारवीं में काम करते समय एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक प्रवासी युवक ठेकेदार के पास काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार कॉलेज के ऑडिटोरियम भवन में युवक ड्रील मशीन से काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान कुमुद सिंह पुत्र योगेंद्र (29) गांव बगलिया वार्ड नंबर पांच डाकघर रोहियार जिला खदरिया राज्य बिहार के रूप में हुई है। मृतक युवक ठेकेदार शेर सिंह के पास कार्य कर रहा था। घुमारवीं थाना पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है तथा युवक के शव को कब्जे में घुमारवीं अस्पताल के शवगृह में रख दिया गया है। डीएसपी अनिल ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

दड़याणा में बारिश से गिर गया मकान

गरीब परिवार आसमान के नीचे रातें काटने को मजबूर, पटवारी ने लिया नुकसान का जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

भगेड़ (बिलासपुर)। ग्राम पंचायत औहर के गांव दड़याणा में भारी बारिश ने एक परिवार के सिर से छत छीन ली। गरीब परिवार से संबंध रखने वाला सीताराम आसमान के नीचे रातें काटने को मजबूर हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव दड़याणा के सीताराम पुत्र महंतू राम के दो कमरे के मकान का बारिश से कुछ हिस्सा गिर गया। बाकी बचे मकान में दरारें आ गई हैं। गनीमत यह रही कि घर के अंदर कोई नहीं था। वह खेत में काम कर रहे थे। सीताराम गरीब परिवार से संबंध रखता है तथा मजदूरी करके अपना और परिवार का पालन पोषण कर रहा है। हलका पटवारी अमरपुर रमेश कुमार ने मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया। कहा कि अभी नुकसान का आकलन किया जाना है। ग्राम पंचायत प्रधान प्रेमलता ठाकुर, उपप्रधान रणजीत सिंह और अन्य पंचायत सदस्यों ने गरीब परिवार को उचित मुआवजा देने की सरकार से मांग की है।

तारों को कनेक्शन देते बिजली के खंभे से गिरा कर्मचारी, मौत

सुन्हाणी पंचायत के गांव ठाकुरद्वारा के पास संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

बरठीं (बिलासपुर)। तलाई थाने के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुन्हाणी के गांव ठाकुरद्वारा के पास पुराने बिजली के खंभों को बदलने का कार्य चल रहा था। एक कर्मचारी की बिजली के खंभे से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

शिवमंगल उत्तर प्रदेश के हरदोई गांव का रहने वाला था। रविवार को वह बिजली के खंभों को बदलने के बाद तारों को कनेक्शन दे रहा था। इस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल बरठीं लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बिजली विभाग के एसडीओ रणजीत सिंह ने बताया कि मेन लाइन पूरी तरह से लॉक की गई थी। ठेकेदार की ओर से लकड़ी के खंभों को बदलने का कार्य किया जा रहा

उत्तर प्रदेश के हरदोई गांव का रहने वाला था शिवमंगल

था। शिवमंगल खंभे पर चढ़कर तारों को बांध रहा था कि अचानक नीचे गिर गया। सूचना मिलने के बाद तलाई थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

पशुशाला की दीवार गिरने से भैंस की दबकर मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

हरलोग-तल्याणा मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात रहा ठप

घुमारवीं (बिलासपुर)। घुमारवीं उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत मरहाणा में बारिश के कारण पशुशाला की दीवार गिर गई। इससे भैंस की मौत हो गई। वहीं तडौन गांव में पशुशाला की छत गिरने से नुकसान हुआ है। वहीं भूस्खलन के कारण हरलोग-तल्याणा मार्ग कुछ देर के लिए अवरुद्ध रहा।

ग्राम पंचायत मरहाणा के भ्योल गांव के देवीराम पुत्र नानक राम की पशुशाला की एक दीवार भारी बारिश के कारण गिर गई। भैंस की दबकर मौत हो गई। करीब 1.50 लाख का नुकसान हुआ है। वहीं तडौन गांव में दुनी चंद पुत्र मुंशीराम की पशुशाला की छत गिरने से नुकसान हुआ है। हलका पटवारी ने रिपोर्ट तैयार कर स्थानीय प्रशासन को भेज दी है। वहीं बगलेहड़ा में भूस्खलन होने से हरलोग से तल्याणा मार्ग अवरुद्ध रहा। प्रशासन ने मार्ग को जल्द ही बहाल करवा दिया। एसडीएम का कार्यभार देख रहे तहसीलदार घुमारवीं गोपाल शर्मा ने पुष्टि की है।

नदी-नालों और खड्डों के पास न जाएं : नरेश

झंडूता (बिलासपुर)। एसडीएम झंडूता नरेश वर्मा ने कहा कि बरसात में प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार है। प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी विभागीय अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन आपदा पर नजर रखे हुए है। कर्मचारियों और अधिकारियों को बिना सूचना दिए अपना स्थान न छोड़ने के लिए कहा गया है।

उन्होंने लोगों से नदी-नालों और खड्डों के नजदीक न जाने की अपील की है। कहा कि बरसात के मौसम में कहीं भी भारी बारिश होने के चलते कभी भी पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा। संवाद

मूसलाधार बारिश में एनएच से लुढ़की पिकअप, पेड़ से अटकी

चंडीगढ़-मनाली एनएच पर पेड़ से न अटकती तो 50 फीट गहरी खाई में जा गिरती जीप

संवाद न्यूज एजेंसी

सुंदरनगर से टमाटर लेकर पंजाब की तरफ जा रहा था चालक, बाल-बाल बचा

स्वारघाट (बिलासपुर)। चंडीगढ़-मनाली पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग-205 पर एसडीएम कार्यालय स्वारघाट को जाने वाली सड़क के पास घुघरार को तेज बारिश में पिकअप लुढ़की गई, लेकिन गनीमत रही जीप पेड़ से अटक गई। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। अगर पिकअप पेड़ से न अटकती तो 50 फीट गहरी खाई में जा गिरती। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। चालक सुंदरनगर से टमाटर लेकर पंजाब की तरफ जा रहा था।

बताया जा रहा है कि दूसरी तरफ से गलत दिशा से आने वाले वाहन से बचाव करने के लिए चालक ने गाड़ी का टायर सड़क से बाहर कर दिया। भारी बारिश के चलते टायर फिसल गए और गाड़ी पलटकर खाई की तरफ लुढ़क गई, लेकिन वह पेड़ से अटक गई। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार पिकअप चालक सुंदरनगर से टमाटर लेकर पंजाब की तरफ जा रहा था। जब वह स्वारघाट पहुंचा तो दूसरी तरफ से एक गाड़ी गलत दिशा से आई। गाड़ी को अपनी तरफ आते देखा तो पिकअप चालक ने अपनी गाड़ी सड़क से बाहर ली। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी। पिकअप का टायर फिसल गया और गाड़ी लुढ़क गई। गनीमत रही कि जिस स्थान पर पिकअप लुढ़की वहां पर एक पेड़ था। गाड़ी लुढ़ककर सीधे पेड़ में फंस गई। अगर गाड़ी 50 फीट गहरी खाई में गिर जाती तो जान-माल का नुकसान हो सकता था।

डीएसपी श्री नयनादेवी जी पूर्णचंद ने बताया कि इस संबंध में थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। कहा कि पिकअप पेड़ से अटकी गई थी। इस कारण कोई नुकसान नहीं हुआ है। गाड़ी का चालक सुरक्षित है। गाड़ी में रखे टमाटर भी खराब नहीं हुए हैं।



स्वारघाट के समीप दुर्घटनाग्रस्त पिकअप। संवाद

जिला अस्पताल में ओपीडी ब्लॉक के साथ लगती नाली गंदगी से लबालब

संवाद न्यूज एजेंसी



चंपा पार्क के पास सड़क बनी नाला। संवाद

बिलासपुर। बरसात में जहां स्वास्थ्य विभाग लोगों को साफ-सफाई रखने की सलाह देता है, वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल में ओपीडी ब्लॉक के साथ लगती नाली गंदे पानी से भरी पड़ी है। इससे बीमारियों को न्योता दिया जा रहा है। इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग लोगों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचने की हिदायत देता है। लोगों को समय-समय पर डेंगू और मलेरिया से बचने की जानकारी दी जाती है। लेकिन जिला अस्पताल में ओपीडी ब्लॉक के साथ लगती नाली में गंदा पानी भरा पड़ा है। बरसात के मौसम में डेंगू व मलेरिया रोग फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। एमएस डॉ. सतीश शर्मा का कहना है कि मामला ध्यान में आ गया है नाली की सफाई जल्द ही करवा दी जाएगी।



ग्राम पंचायत बरठीं के मुख्य बाजार की दुकान में घुसा बारिश का पानी। संवाद

बरसात की पहली बारिश में ही लोगों के घरों में घुस गया पानी

सड़क के विस्तारीकरण के चलते खेतों में पानी जाने से उपजाऊ जमीन हुई बरबाद



हम्बोट गांव में लोगों के आंगन में आया मलबा। संवाद



कोट पंचायत के प्राइमरी स्कूल में ढहा डंगा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

भराड़ी (बिलासपुर)। भराड़ी उपतहसील के अंतर्गत हम्बोट गांव में बरसात की पहली बारिश में ही पानी लोगों के घरों में घुस गया। गांव में सड़क के विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते सड़क का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। शुक्रवार रात को बारिश का पानी घरों और आंगन में पहुंच गया। इससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। खेतों में पानी जाने से उपजाऊ भूमि बरबाद हो रही है।

स्थानीय लोगों भगीरथ, आरवनी, प्रेमचंद शास्त्री, रणजीत व अन्यों ने बताया कि हम्बोट क्षेत्र में सड़क को चौड़ा करने का कार्य चला हुआ है। इस कार्य के चलते स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश का पानी लोगों के घरों में जा रहा है। लोगों ने बताया कि हाल ही में सड़क के पानी की वजह से लोगों की दस से बारह बीघा जमीन बरबाद हो चुकी है। लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों तरफ नालियां नहीं बनाई जा रही हैं। इस कारण यह समस्या पेश आ रही है। लोगों का कहना है कि समय पर सड़क के दोनों तरफ नालियां नहीं बनाई जा रही हैं। अब बरसात आ गई है और पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि घर और आंगन पानी व कीचड़ से भरे हुए हैं। विभाग की लेटलतीफी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विभाग को इस संदर्भ में जल्दी से कदम उठाने चाहिए। अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने कहा कि खुद मौके का मुआयना किया है। जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

प्राइमरी स्कूल का एक माह पहले बना डंगा ढहा

भराड़ी (बिलासपुर)। भराड़ी उपतहसील के अंतर्गत कोट पंचायत के प्राइमरी स्कूल के ग्राउंड में लाखों रुपये खर्च करके एक महीना पहले बनाया गया डंगा पहली ही बारिश में ढह गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। लोगों ने निर्माण को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। बता दें कि कोट पंचायत के प्राइमरी स्कूल के ग्राउंड में एक महीना पहले 30 मीटर लंबे व चार मीटर ऊंचे डंगे का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार के जरिये करवाया था। शुक्रवार रात बारिश होने के कारण डंगा गिर गया। अधिशासी अभियंता दीपक कपिल ने मौके का मुआयना किया। अधिशाषी अभियंता लोनिवि दीपक कपिल ने बताया कि पानी के बहाव के कारण डंगा गिर गया है। उन्होंने बताया कि डंगे के निर्माण के लिए अनुमानित राशि लगभग दस लाख रुपये है। अभी तक इस डंगे का पैसा ठेकेदार को नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरे हुए डंगे का कार्य संबंधित ठेकेदार ही पूरा करेगा। संवाद

घुमाणी चौक पर स्कूटी-ट्रक की टक्कर

घुमारवीं, 2 अगस्त (कुलवंत) : पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले कस्बा घुमाणी से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बीती रात एक ट्रक व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है स्कूटी सवार को आई.जी.एम.सी. शिमला रैफर कर दिया गया है। मामले की शिकायत घुमाणी चौक स्थित एक दुकानदार ने पुलिस थाना घुमारवीं में दर्ज करवाई है। पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्त्ता का कहना है कि वह अपनी दुकान में था, तभी एक जोरदार टक्कर की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वह दुकान से बाहर आया तो देखा कि ट्रक व स्कूटी में टक्कर हो गई है। स्कूटी सवार सड़क पर गिरा हुआ था। पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्त्ता का कहना है कि उसने तुरंत एक टैक्सी बुलाई तथा स्कूटी चालक को टैक्सी में डालकर जिला अस्पताल बिलासपुर भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक स्कूटी सवार की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे आई.जी.एम.सी. शिमला रैफर कर दिया है। स्कूटी सवार गांव मझासू का रहने वाला है। डी.एस.पी. घुमारवीं अनिल ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराकर सड़क पर पलटा, खाई में गिरी कार

स्वारघाट, 2 अगस्त (पवन) : एन.एच.-205 चंडीगढ़-मनाली पर दिन-प्रतिदिन हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है। सोमवार को एक बार फिर 2 हादसों में वाहन चालक घायल हो गए। पहले मामले में देर रात कैंचीमोड़ के पास क्लिकर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद सड़क पर क्लिकर ही क्लिकर फैल गया। हादसे में ट्रक चालक को चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

दूसरे मामले में बनेर के समीप मनाली घूमने जा रही एक दिल्ली नंबर की कार सड़क से 100 फुट नीचे गिर गई। कार में 5 लोग सवार थे, जिनमें से 2 लोगों को गंभीर चोटें पहुंची हैं। धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने इन लोगों को कार से निकालने के बाद खाई से बाहर निकाला।

घायलों को पी.एच.सी. स्वारघाट लाया गया, जहां से कार चालक मोहम्मद सदाद को नालागढ़ अस्पताल रैफर कर दिया गया है। कार चालक के अनुसार उसकी कार के स्टेयरिंग और ब्रेक ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जिससे कार गहरी खाई में लुढ़क गई।

मामले की पुष्टि करते हुए एस.एच.ओ. स्वारघाट हरपाल सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है।





स्वारघाट : कैंचीमोड़ के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा क्लिकर से भरा ट्रक व बनेर के समीप खाई में गिर कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार। (पवन)

भाई को राखी बांधने के बाद घर लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत

नेशनल हाईवे-103 पर दधोल पुल के पास स्कूटी और बाइक में हुई टक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

भराड़ी (बिलासपुर)। भराड़ी थाना के तहत नेशनल हाईवे-103 पर दधोल पुल के पास स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगामी कार्रवाई प्रमाण में लाई जा रही है।

जानकारी अनुसार भेड़ाघाटी के गजटीकी बाजार गांव की मंजू (30) अपने भाई को राखी बांधने के लिए पन्नोटा के गजटीकी गांव गयी थी। भाई को राखी बांधकर वह अपने पति के साथ बाइक पर वापस घर लौट रही थी। दधोल पुल के पास बाइक और स्कूटी में टक्कर हो गई। इसमें मंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। स्कूटी सवार को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलवार्ड अस्पताल पहुंचाया गया। मंजू को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। वहीं स्कूटी के सवार मदन ने बताया कि नेशनल का रहने वाला सुरेश सिंगरी में उसकी सीमेंट की दुकान पर शिकायत करता है। हादसे से पहले सुरेश बिना बताए दुकान से पीछे उसका स्कूटी ले गया था और चुपके से वापस ले गया।

डीएसपी अमित ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



दधोल पुल के पास सड़क पर पड़ी दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी। संवाद

दुकान में भड़की आग, लाखों का सामान राख

बकैण गांव में जनरल स्टोर में शनिवार देर रात लगी आग, शार्ट सर्किट बताया जा रहा कारण

संवाद न्यूज एजेंसी



ग्राम पंचायत कलोल के गांव बकैण में शनिवार देर रात दुकान में भड़की भीषण आग। -संवाद

शाहतलाई (बिलासपुर)। झंडूता विस क्षेत्र की कलोल पंचायत के बकैण गांव में एक दुकान में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने जनरल स्टोर से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं तो अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। जब तक अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। प्रशासन के अनुसार करीब 25 लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी अनुसार शनिवार रात करीब 12 बजे बकैण गांव के ग्रामीणों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। दुकान मालिक कलोल निवासी राकेश कुमार पुत्र रामदयाल को दूरभाष पर इसकी सूचना दी गई। साथ ही झंडूता स्थित अग्निशमन विभाग को भी आग लगने की सूचना दी गई। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। अग्निशमन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही सामान जलकर राख हो चुका था। राकेश कुमार ने बताया कि शनिवार को हर रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचा। राकेश कुमार के अनुसार करीब 45 लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। तलाई पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग के लगने के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। घुमारवीं के डीएसपी अनिल ठाकुर ने कहा कि पुलिस मौके पर जाकर छानबीन में जुटी है। करीब 25 लाख का नुकसान हुआ है।

पशुशाला के आंगन में पैर फिसल कर गिरने से व्यक्ति की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

झंडूता (बिलासपुर)। झंडूता थाना के अंतर्गत एक व्यक्ति अपनी पशुशाला की तरफ गया था। जहां पर आंगन में उसका पैर फिसला और वह वहीं पर बेहोश हो गया। परिजनों ने जब देखा तो वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता ले आए। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत नखलेहड़ा के पसोल गांव के रमेश कुमार (60) पुत्र दयाराम अपनी पशुशाला में गया हुआ था। रमेश कुमार का पैर बारिश होने की वजह से पशुशाला के आगंन में फिसल गया और गिरकर बेहोश हो गया।

परिजनों को जैसे ही पता चला तो उन्होंने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता ले आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय पंचायत प्रधान बीना देवी ने बताया कि रमेश कुमार के दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की अगले वर्ष फरवरी माह में शादी होनी है। पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय राजकुमार ने पुष्टि की है।

शाहतलाई (बिलासपुर)। तलाई-घुमारवीं सड़क पर बरठीं आईटीआई चौक के समीप बाइक सड़क से करीब पांच फीट नीचे लढ़क गई। इससे युवक की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य युवक घायल हुआ है। तलाई पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घायल का इलाज बिलासपुर अस्पताल में किया जा रहा है।

वीरवार देर रात कमल देव पुत्र पोलो राम निवासी सुन्हाणी और अशोक कुमार पुत्र राम लाल निवासी भटोली बाइक पर घर जा रहे थे। बाइक को अशोक कुमार चला रहा था। आईटीआई चौक के पास बाइक सड़क से करीब पांच फीट नीचे लढ़क गई। दोनों सवार घायल हो गए। बरठीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय गंभीर रूप से घायल कमलदेव ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अशोक कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। तलाई पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक अशोक कुमार के खिलाफ तेज रफ्तारी और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। घुमारवीं डीएसपी अनिल ठाकुर ने पुष्टि की है।

पिकअप-स्कूटर की टक्कर में एक घायल

शाहतलाई (बिलासपुर)। तलाई थाना के तहत पिकअप और स्कूटर में टक्कर होने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोटधार क्षेत्र के धन्नड़ निवासी नंद लाल ने तलाई पुलिस थाना में पिकअप चालक के खिलाफ शिकायत दी है। बताया कि वह अपनी बेटी के साथ स्कूटर पर घर जा रहा था। दूसरी तरफ से एक पिकअप एचपी 71.0158 तेज गति से आई और स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में चोटें आई हैं। पुलिस ने पिकअप चालक रोहित कुमार पुत्र जीतराम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घुमारवीं के डीएसपी अनिल ठाकुर ने पुष्टि की है। संवाद

कैंटर-कार और ट्रक की टक्कर में एक की मौत

चंडीगढ़-मनाली एनएच पर हुआ हादसा, तीन लोग जखमी

संवाद न्यूज एजेंसी

कार को टक्कर मारकर यूपी का कैंटर चालक मौके से फरार

स्वारघाट (बिलासपुर)। राष्ट्रीय उच्च मार्ग 205 चंडीगढ़-मनाली पर गरामोड़ा के समीप एक यूपी नंबर के कैंटर ने खड़ी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार आगे खड़े खराब ट्रक से भिड़ गई। हादसे में मौके पर ही कार में सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसा वीरवार देर रात का है। दुर्घटना के बाद चालक कैंटर लेकर मौके से फरार हो गया।

कुछ ही दूरी पर वह कैंटर को सड़क पर पलटाकर मौके से फरार हो गया है। इस बीच, हादसे के सभी घायलों को प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्वारघाट की 108 एम्बुलेंस के माध्यम से एफआरयू नालागढ़ ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हंसा शर्मा (65) पत्नी ओम प्रकाश निवासी गांव दाड़ी (चच्योट) जिला मंडी को मृतक घोषित कर दिया। तेजेंद्रा पत्नी गोपाल निवासी लुहणू की गंभीर हालत को देखते हुए एफआरयू नालागढ़ से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। दो अन्य घायलों भूपेंद्र पाल (52) पुत्र रूप देव गांव व डाकघर साडा तहसील चच्योट जिला मंडी और ओम प्रकाश (70) पुत्र सदा राम गांव दाड़ी तहसील चच्योट जिला मंडी दोनों को एफआरयू नालागढ़ में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। इस घटना के संबंध में कैंटर चालक के खिलाफ पुलिस थाना स्वारघाट में आईपीसी की धारा 279,334 व 304, के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



गरामोड़ा में सड़क पर पलटा कैंटर। -संवाद



गरामोड़ा में कैंटर के साथ हुइ टक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हुइ कार। संवाद

जानकारी के अनुसार बिलासपुर व मंडी जिले के पांच लोग परिवार में किसी महिला की मौत होने के बाद उसकी अस्थियां हरिद्वार में प्रवाहित करने के लिए कार नंबर एपी24सी0155 में सवार होकर जा रहे थे। वीरवार देर रात को जब उनकी कार स्वारघाट से करीब आठ किलोमीटर दूर गरामौड़ा टोल टैक्स बैरियर के समीप पहुंची तो आगे किसी वजह से यातायात जाम लगा हुआ था। कार के आगे वाहनों की लंबी लाइन लगी होने के कारण कार चालक सीता राम कार से उतरकर जाम देखने के लिए आगे निकल गए। इसी बीच, स्वारघाट की तरफ से एक तेज रफतार यूपी नंबर के एक कैंटर ने पीछे से कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार आगे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार एक महिला हंसा शर्मा की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए।

कार चालक सीता राम इस हादसे में बाल-बाल बच गए। डीएसपी नयना देवी पूर्ण चंद ठुकराल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस दुर्घटना के संबंध में कैंटर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने पर आईपीसी की धारा 279,334 व 304 ए के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार कैंटर चालक की तलाश की जा रही है।

वेल्डिंग का काम कर रहे युवक की करंट से मौत

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन में धराड़सानी के पास हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान झंडूता क्षेत्र में सोमवार को दूसरा हादसा हो गया। झंडूता के धराड़ सानी में वेल्डिंग का काम कर रहे एक सब कांट्रेक्टर युवक करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद झंडूता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संदर्भ में केस दर्ज किया। वहीं जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक

जनरेटर लगाकर वेल्डिंग का काम कर रहा था युवक

के परिजनों को सौंप दिया गया।

बताते चलें कि फोरलेन का निर्माण कार्य करते हुए उक्त स्थान पर यह लगातार एक माह में दूसरा हादसा है। इससे पहले मंडी धराड़ी पुल का निर्माण कार्य करते हुए दो मजूदर पुल से गिर गए थे और दोनों की जान चली गई थी। अभी उस हादसे की पूरी तरह जांच भी नहीं हो पाई है कि यह दूसरा हादसा घटित हो गया। जिससे फोरलेन में काम कर रहे अन्य मजदूरों में भी भय का माहौल बना है।

डीएसपी बिलासपुर राजकुमार ने बताया कि मृतक की पहचान विकास (21) पुत्र जय भगवान हाउस नंबर 1/1 लखोटी मस्त सहारनपुर लखनोटी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक फोरलेन में वेल्डिंग कार्य सब कांट्रेक्ट पर कर रहा था। सोमवार सुबह वो साइट पर काम कर रहा था। वेल्डिंग के लिए जनरेटर का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं वेल्डिंग करते हुए उसे धक्का लगा और लोहे की रॉड पानी से टच हो गई। जिससे उसने करंट पकड़ लिया और युवक उसमें झुलस गया। कहा कि करंट से गंभीर हालत के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। झंडूता पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

गोबिंदसागर में डूबने से कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र की मौत

युवक की मौत से इलाके में मातम, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। सदर थाना के तहत गोबिंदसागर झील में बिलासपुर कॉलेज के प्रथम वर्ष छात्र की डूबकर मौत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद युवकों, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने युवक को झील से जिंदा बाहर निकाल लिया था। लेकिन बाद में युवक ने दम तोड़ दिया। डीएसपी राजकुमार की अगुवाई में पुलिस शव को जिला अस्पताल लेकर गई, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद उसका शव देर रात परिजनों को सौंपा गया। वहीं सदर पुलिस ने इस संदर्भ में केस दर्ज कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वीरवार देर शाम को युवक को गोबिंदसागर झील के किनारे देखा गया था। बताया जा रहा है कि युवक बिलासपुर कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। वहीं, हर दिन अपने घर ऋषिकेश से बिलासपुर आता था। वीरवार देर शाम पता चला कि युवक गोबिंदसागर झील में डूब गया। मौके पर मौजूद युवाओं ने पुलिस को इसकी सूचना दी और खुद भी पानी में डुबकी लगाकर उसे बचाने की कोशिश की। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर युवक को झील से बाहर निकाला। इस दौरान डीएसपी राजकुमार मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने युवक को जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया लेकिन उससे पहले ही युवक दम तोड़ चुका था। डीएसपी राजकुमार ने बताया कि अभी युवक के डूबने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। युवक की पहचान अंशुल पुत्र राकेश ऋषिकेश के रूप में हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस युवक का पोस्टमार्टम करवा रही थी। डीएसपी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नम्होल के पास कार और ट्रक में टक्कर, दो घायल

संवाद न्यूज एजेंसी



नम्होल के पास टक्कर से क्षतिग्रस्त कार। संवाद

बिलासपुर। धर्मशाला-शिमला नेशनल हाईवे पर नम्होल के पास कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन्हें स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार किया जा रहा है।

कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार सुबह शिमला-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर कार बिलासपुर की तरफ आ रही थी। सामने से आ रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई। कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान नंदलाल निवासी पंजीलकलां, नम्होल और बलदेव निवासी बालागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके का जायजा लिया। डीएसपी राजकुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

घुमारवीं से दधोल की तरफ जा रहा था बाइक सवार, नसवाल में हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

आरोपी के खिलाफ घुमारवीं थाना में केस दर्ज, जांच शुरू

भराड़ी (बिलासपुर)। पुलिस थाना घुमारवीं के तहत नसवाल में बुधवार दोपहर को एक बाइक सवार ने सड़क किनारे जा रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। आरोपी चालक के खिलाफ घुमारवीं थाना पुलिस में केस दर्ज कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शिमला-हमीरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-103 पर नसवाल के पास बुधवार दोपहर को हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला किसी काम से पैदल सड़क किनारे जा रही थी। तभी घुमारवीं से दधोल की तरफ जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को लोगों की मदद से सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान रतनी देवी (65) पत्नी कर्मचंद गांव नसवाल के रूप में हुई है। आरोपी बाइक चालक का कहना है कि घटना से कुछ देर पहले ही घटनास्थल पर बाइक गिर गई थी। इससे चोटें आई हैं। आरोपी ने पुलिस से कहा कि जब बाइक गिरी तो एक लाल रंग की गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही थी उस गाड़ी ने महिला को टक्कर मारी है।

पुलिस उप अधीक्षक घुमारवीं अनिल ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की मौत बाइक की टक्कर लगने से ही हुई है। बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज करके तफ्तीश की जा रही है। वहीं पंचायत प्रधान पवन कुमार का कहना है कि मृतका बेहद गरीब परिवार से संबंध रखती है। फौरी राहत के रूप में परिवार को प्रशासन की तरफ से 25 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। इस मौके पर हलका पटवारी सुनील जोशी भी साथ थे।

कठलग में दो बहनों की अचानक बिगड़ी तबीयत; एक की मौत, दूसरी टांडा रेफर

सांप के डसने के लगाए जा रहे कयास, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा मौत के कारणों का खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी



अस्पताल में सदीक मोहम्मद और पुलिस कर्मचारी। संवाद

बुधवार सुबह दोनों की सांस रुकने लगी और उल्टियां हुई

भराड़ी (बिलासपुर)। घुमारवीं उपमंडल के तहत बद्दाघाट के कठलग गांव में दो सगी बहनों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एक की मौत हो गई जबकि दूसरी को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों बहनों को सांप ने डसा है। मौत के कारणों का पता तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

कठलग गांव के सदीक मुहम्मद की दो बेटियां 14 वर्षीय सोनिया बेगम और 16 वर्षीय कोमल बेगम मंगलवार रात को खाना खाने के बाद रोजाना की तरह इकट्ठी सो गई। बुधवार सुबह जब दोनों उठीं तो उन्हें गले में दिक्कत महसूस हुई। दोनों का सांस भी रुकने लगा और उल्टियां होने लगीं। परिजनों ने देखा कि एक की बाजू और दूसरी के माथे पर निशान थे। दोनों को घुमारवीं अस्पताल ले गए जहां पर सोनिया बेगम ने दम तोड़ दिया। जबकि 16 वर्षीय कोमल बेगम को नाजुक हालत में टांडा रेफर कर दिया गया।

दोनों बच्चियों के पिता सदीक मुहम्मद दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। बीएमओ घुमारवीं डॉक्टर अभिनीत ने कहा कि मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। डीएसपी अनिल ठाकुर ने बताया कि पुलिस छानबीन कर रही है।

बारिश का कहर : मकान और दो गोशालाएं ढहीं

झूंझणू में बड़ी मुश्किल से निकाले मवेशी, बकरी की मौत, सनीहरा-बुहाड़ सड़क पर गिरा ल्हासा

संवाद न्यूज एजेंसी

बरठी (बिलासपुर)। जिले में सोमवार रात को हुई मुसलाधार बारिश से कोटधार की अलग-अलग पंचायतों में दो गोशालाएं और एक रिहायशी मकान ढह गया। एक मुख्य सड़क भी बंद हो गई। नायब तहसीलदार कलोल बालक राम ने सभी हलका पटवारियों को आदेश दे दिए हैं कि बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट शीघ्र दें ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके।

मंगलवार को मुसलाधार बारिश से सनीहरा पंचायत के गांव गंगलोह की निवासी रानी देवी पत्नी निक्का राम का दो कमरों का रिहायशी मकान ढह गया। इस कारण करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। वहीं दाम पंचायत डूडियां के झूंझणू में मंगलवार सुबह छड़ बजे ढांक से लहासा गिरने के कारण सोहन लाल पुत्र धनीराम की गोशाला गिर गई। गोशाला के अंदर पशुओं को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, लेकिन एक बकरी की मौत हो गई। वहीं इस गांव के समशेर सिंह की गोशाला भी गिर गई। सनीहरा-बुहाड़ सड़क पर लहासा गिरने से आवाजाही बाधित हो गई। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गोशाला गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस थाना प्रभारी तलाई कर्म चंद ठाकुर और डूडियां पंचायत प्रधान कुशलता शर्मा मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पंचायत प्रधान कुशलता शर्मा ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। नायब तहसीलदार कलोल बालक राम ने पुष्टि की है। कहा कि सभी हलका पटवारियों को आदेश दे दिए गए हैं कि बारिश के कारण हुए नुकसान की रिपोर्ट शीघ्र कार्यालय में दें ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जा सके।



बारिश से कोटधार में गोशाला पर गिरा मलबा। -संवाद

सर्पदंश से मलोट में पांच वर्षीय मासूम की मौत

रात को सोते समय सांप ने काटा, भोटा अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम

संवाद न्यूज एजेंसी

भराड़ी(बिलासपुर)। भराड़ी उपतहसील की मरहाणा पंचायत के मलोट गांव में सर्पदंश से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने बच्चे को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। हर कोई बच्चे की मौत से स्तब्ध है।

मलोट गांव के हरमीत सिंह ने बताया कि बुधवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए। हरमीत ने बताया कि रोजाना की तरह उनका पांच वर्षीय बेटा रितिक उनके साथ सो गया। वीरवार सुबह करीब 4 बजे बेटा करहाने लगा। तब उन्होंने लाइट जलाकर बेटे को देखा तो बेटे ने बताया कि उसके पेट में दर्द हो रही है। हरमीत के मुताबिक बेटे रितिक की एकाएक तबीयत खराब होने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। हरमीत ने बताया कि वे बेटे को भराड़ी अस्पताल ले गए। जहां से उसे हमीरपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में बेटे की तबियत ज्यादा खराब होने लगी।

इसी दौरान वे उसे भोटा अस्पताल ले गए जहां पर रितिक की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक उनके बेटे के गले में सांप के काटने के निशान थे। पांच वर्षीय मासूम की एकाएक मौत होने से जहां पूरा परिवार सदमे में है। वहीं क्षेत्र के लोग भी मासूम की मौत से शोक में हैं। रितिक की 10 वर्षीय एक बड़ी बहन है। नन्हें रितिक के जाने से पूरा परिवार टूट गया है। इससे पहले बुधवार को बद्दाघाट के नजदीक कठलग गांव में 14 वर्षीय युवती की सांप के काटने से मौत हुई है।

District Disaster Management Authority, Bilaspur (HP)

Help Line 1077 (24x7)

Memorandum of Losses

on

Monsoon - 2021

Deputy Commissioner
Chamba (H.P.)

Prepared by:

DDMA- Chamba (H.P.)

General Characteristics of the Chamba District

Chamba was Ancient Capital of Pahari Kings situated on the bank of river Ravi at an altitude of 996 metres. Chamba was founded in 920 AD but King SahilVerma who named it after his favourite daughter Champavati. Surrounded by higher ranges Chamba has preserved the ancient culture and heritage and Chamba is known for the elegance of its temples and handicrafts.In the centre of the town there is a spacious playground called Chowgan, a grassy maidan, where people gather for a social, political or religious meetings or a sport event. Regular buses link Chamba with Dalhousie and Pathankot. Chamba is 56 km (via Banikhet), on the right bank of the Ravi at an altitude of 915 meters (3,000 ft) from Dalhousie and 122 km from Pathankot. The mountains nature of Chamba made it difficult for the occasional conquerors to establish their supremacy over the local rulers and people. There was, therefore, no interference in the social and religious structure of the people.

Among the most interesting objects in Chamba are a number of richly carved ancient temples which closely resemble those in Rajasthan. The most striking of these are the six temples lying in a row near the palace. Three of these are dedicated to Vishnu and the remaining to Siva. Some of the temples date back to the tenth century. The richly carved Laxmi Narayan temple is the oldest one. A road branches off from here to Kashmir via Bhaderwah and another to Pangi valley over the Such Pass. The jungles around Dalhousie and Chamba abound in wild life. In the higher regions near the snow line are to be found, snow leopard, ibex and marmot. At the lower elevations brown bear; musk deer, leopards and wild pigs are seen. Pheasants, partridges and wild fowl are found in all parts of the valley.

Location & Geographical Area

Chamba is the headquarters of the Chamba district, bordered by Jammu and Kashmir to the north-west and west, theLadakh area of Jammu and Kashmir and Lahaul and Bara Banghal to the north-east and east, Kangra to the south-east and Pathankot district of Punjab to the south. It has an average elevation of 1,006 metres. The Ravi flows in east-west direction forming deep canyons. During the spring and summer months, the levels of the river rise significantly from snow melt and pose a flooding risk. Record levels were experienced in early July 2005, when the National Hydroelectric Power Corporation was forced to shut down the power generation on its 300-MW Chamera Power Station. Chamba, despite its hill location, is well connected by road to the rest

of the state and country, including Shimla, Delhi and Chandigarh along several routes. The nearest broad gauge railway stations are at Chakki Bank and Pathankot, the latter of which is 120 kilometres away by road.





The temperatures in summer vary between 38°C (100°F) and 15°C (59°F) and in winter: 15°C (59°F) and 0°C (32°F). The maximum temperature recorded in summer is 39°C (102°F) and the minimum temperature in winter is −1°C (30°F). Climatically March to June is said to be the best period to visit Chamba, which is a well known hill station. The average annual rainfall in the town is 785.84 millimetres (30.939 in).

Topography

The Chamba District is situated between north latitude 32°11'30" And 33°13'6" And east longitude 75°49' and 77°3'30" with an estimated area of 6,528 Square Kilometres and is surrounded on all sides by lofty hill ranges. The territory is wholly mountainous with altitude ranging from 2,000 to 21,000 feet.

Forest

The Forests of Himachal Pradesh known for their grandeur and majesty are like a green pearl in the Himalayan crown. The vegetation varies from Dry Scrub Forests at lower altitudes to Alpine Pastures at higher altitudes. In between these two extremes, distinct vegetation zones of Mixed Deciduous Forests, Bamboo, Chil, Oaks, Deodar, Kail, Fir and Spruce, are found. The richness and diversity of its flora can be gauged from the fact that, out of total 45,000 species found in the country as many as 3,295 species (7.32%) are reported in the State.

Main Hazards

Most of the district is made up of unconsolidated material which is highly susceptible to erosion and is loose in nature. The region is fed by numerous perennial rivers which originate in the glaciers and supply water to the plains throughout the year. Having a mountainous topography, this area is also prone to the incidents of cloudburst and flash flood. The hills of the district have been scarred by landslides which are triggered due to excessive rainfall. Due to the loose and unconsolidated material, any kind of shaking can also trigger landslides or rock falls which also a threat to the district. The district sits in the heart of Himalayas and is likely to be affected by multiple hazards.



Fig.1: Main Hazards of District Chamba

District Chamba is prone to multiple hazards and hence the approach to deal with them has to be multidimensional in nature. The district has been affected and faces a threat of being affected by the following hazards:

Sr. No.	Hazard	Risk
1.	**Earthquake**	Very High
2.	**Landslide**	Very High
3.	**Flood**	High
4.	**Avalanche**	Medium
5.	**Forest Fire**	High
6.	**Drought**	Medium
7.	**Cloudburst**	High

Hazard wise vulnerability profile of the District

Hazard/Risk Assessment

(V= Vulnerability, P= Probability of occurrence, R=Rating, H=High, M=Medium, L=Low)

Hazard	*Why Selected ?*	*Who/What at Risk ?*	*P (R)*	*V (R)*	*Rank (P*V)*
Earthquake	**History of previous occurance and recent tremors**	Human Life, Cattle Life, Kutcha and Pacca Houses, Community Infrastructure	Occasional (2)	H (3)	**6**
Landslides	**Active seasonal landslide location**	Human Life, Cattle Life, Kutcha and Pacca Houses, Community Infrastructure	Frequently (3)	M (2)	**6**
Cloud Burst	**Past Cloudburst events**	The local population, farmers, agricultural lands, rural and urban households.	Frequently (3)	M (2)	**6**
Forest/ Wild/ House Fire	**History of previous occurrence and potential for loss of life**	Human Life, Cattle Life Houses and Property	Frequently (3)	M (2)	**6**
Road Accidents	**Seasonal traffic due to tourists in summer months and after snowfall**	Local dwellers, tourists and drunk drivers	Frequently (3)	H (3)	**9**
Flood/ Flash floods	**History of flooding. Chamera and Siul power projects fall under seismic zonation IV and V**	Agriculture crops, Transport, Houses (Mostly Kachahouses in the rural area)	Occasional (2)	M (2)	**4**
Drought	**Importance of large water users and agriculture to the district economy.**	Crops, Drinking Water, Livelihood Options	Occasional (2)	M (2)	**4**
GLOF/ Avalanche	**Heavy snow fall in winter months.**	Human Life, cattle life and ecology	Occasional (2)	M (2)	**4**

DISTRICT DISASTER MANAGEMENT AUTHORITY

Office of the Deputy Commissioner

Chamba (Himachal Pradesh)

District Emergency Operations Center (DEOC)24*7 Helpline 1077

EmailId:- ddmachamba@gmail.com Contact No: -01899-226950

(13th June 2021 Onwards)

As on-27/09/2021 MONSOON SEASON–2021

SN	Sub-Division	LosstoHumanLives			Loss to Animal		Loss to Private Property										LosstoPublicProperty(RsinLakh)								Total (Rs. inLakh)
							Loss to Houses				Shops	Labour Sheds /Bridges	Cow Shed Gharats/ Shamshan Ghat	Monetrylo ss (Rs inLakh)	Damageto Crops		PWD (RsinLakh)	IPH (Rs inLakh)	Power (Rs inLakh)	Education (Rs inLakh)	Health (Rs inLakh)	fisheries (Rs inLakh)	Community Assets RuralDevel opment (RsinLakh)	Land Loss(Bigha)	
		Death	Missing	Ex-Gratiapay ment(RsIn Lacs)	Death	Ex-Gratiap aymen t(RsIn Lacs)	FullyD amaged		Partially/Severally Damaged						Agricult ure (RsIn Lacs)	Horticul ture(Rs InLacs)									
							Pacca House	Kaccha House	Pacca House	Kaccha House															
1	CHAMBA	12	1	48.00	16	0.61	0	1	7	18	1	0	22	22.96							0	0	0		71.57
2	DALHOUSIE	1	0	4.00	2	0.37	1	1	1	4	1	0	7	6.78							0	0	0		11.15
3	BHATTIYAT	8	0	32.00	85	3.59	0	2	2	66	1	0	55	51.15							0	0	0	2	86.74
4	SALOONI	9	0	36.00	20	0.985	0	0	1	20	0	0	5	13.55							0	0	0		42.535
5	CHURAH	10	0	40.00	8	1.42	0	0	2	11	0	0	3	8.9							0	0	0		50.32
6	BHARMOUR	16	0	64.00	9	2.32	0	0	1	4	0	0	2	2.00							0	0	0		68.32
7	PANGI	1	0	4.00	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0							0	0	0		4.00
Total		57	1	228.00	140	9.295	1	4	14	123	3	0	94	105.34	310.38	71.32	7511.40	972	12.14	16.00	0	0	0	0.60	9236.475

Detail of Death due to Disaster

Sr.No.	Sub-Division	Road Accident	Landslide/lightening	Flash Flood	Fire	Avalanche	Others*	Total Deaths
1	CHAMBA	5	4	1	0	0	0	10
2	DALHOUSIE	1	0	0	0	0	0	1
3	BHATTIYAT	2	0	0	0	0	1	3
4	SALOONI	3	0	0	0	0	0	3
5	CHURAH	3	0	0	4	0	0	7
6	BHARMOUR	7	0	0	0	0	0	5
7	PANGI	1	0	0	0	0	0	1
Total		22	4	1	4	0	1	32

Detail of Death due to other Reasons

Sr.No.	Sub-Division	Fall from Cliff/Height	Electric Shock	Snake Bite	ColdWave/ Avalanche	No. of Total Deaths
1.	CHAMBA	3	0	0	0	3
2.	DALHOUSIE	0	0	0	0	0
3.	BHATTIYAT	4	0	1	0	5
4.	SALOONI	6	0	0	0	6
5.	CHURAH	3	0	0	0	3
6.	BHARMOUR	5	0	0	4	9
7.	PANGI	0	0	0	0	0
Total		21	0	1	4	26

Status Report of Public Utilities Disrupted due to Rainfall

(Report of Roads closed due to heavy rains as on 27/09/2021 11:00 AM)

Sr. No.	Name of Circle/ Division	Total No. of roads closed on 27.09.2021	Target date of Opening of roads			Total damaged amount on 14.09.2021 (InLacs)	Previous upto date amount of damage upto 13.09.2021 (In Lacs)	Total upto date amount of damage till date (InLacs)
			Today	Tomorrow	After Tomorrow			
1.	Dalhousie	0	0	0	0	0.00	1421.40	1421.40
2.	Chamba	0	0	0	0	0.00	1314.70	1314.70
3.	Tissa	0	0	0	0	0.00	3401.5	3401.5
4.	Salooni	0	0	0	0	0.00	408.30	408.30
5.	Bharmour	0	0	0	0	0.00	833.50	833.50
6.	Killar	0	0	0	0	0.00	132.00	132.00
Total		**0**	**0**	**0**	**0**	**0.00**	**7511.40**	**7511.40**

(Power Supply Position as on 27/09/2021 11:00 AM)

Name of Circle	Name of the District	Name of the Divisions	Total No of DTR's	No of DTRs affected/under break down	No of DTRs restored	Balance No. of DTRs yet to be restored	Name of Feeders/No of DTRs affected	Name of Villages/area affected	Duration of interruption	Date of restoration of all affected DTRs
Dalhousie	Chamba	Killar	77	0	0	0				
		Dalhousie	969	0	0	0				
		Chamba	1124	0	0	0				
		Total	**2170**	**0**	**0**	**0**				

Cumulative Seasonal Monsoon Rainfall, 2021
(01st June to 27th Sept, 2021)

District	Actual Rainfall (mm)	Normal Rainfall (mm)	Percentage (%) Departure from the normal
MET.SUBDIVISION			
CHAMBA	587	1047.9	-44

Detail of Cloudburst/Flashfloods events of District Chamba, Himachal Pradesh

Sr. No.	Sub-Division	Cloud Burst	Flash Floods	Detail of Damage
1.	CHAMBA	4	1	Detail at "Annexure-I"
2.	DALHOUSIE	0	6	
3.	BHATTIYAT	0	1	
4.	SALOONI	0	0	
5.	CHURAH	2	0	
6.	BHARMOUR	2	0	
7.	PANGI	1	0	
Total		9	8	

Annexure -I

Cloud Bursts

Sr. No.	Date	Sub-Division	Place/Location	Detail of Damage
1	04-05-2021	Tissa	Village NailaPatwar Circle Kalhel	➢ 2-cowsheds ➢ 1 Kutcha house
2	04-05-2021	Chamba	Panchayat Kunedpatwar circle kilod	➢ 1 cowsheds ➢ 2 Kutcha Houses ➢ Crops Also damaged
3	11-05-2021	Bharmour	TuiNallah	➢ 10 Sheeps/Goats Died. ➢ 15 Sheeps/goats Missing
4	10-06-2021	Chamba	Village Sidhwa, Patwar Circle Gehra	➢ Heavy debris came into the house of local people
5	10-06-2021	Bharmour	Near Garola Ashram	➢ Heavy debris came into the house of 5 No people ➢ Crops also damaged
6	12-06-2021	Chamba	Sub-Tehsil Dharwala	➢ 16 Kutcha Houses ➢ Crop also damaged.
7	19-06-2021	Chamba	Village & PC Jhulada	➢ 5-cowsheds ➢ 2 Kutcha Houses ➢ 1 Electricity pole of HPSEB ➢ Water Supply Scheme ➢ Crops also damaged
8	28-07-2021	Pangi	Village Hilu&Tabaan	➢ 20 Cows are drown away ➢ 5 Mules are drown away ➢ 2 Foot Bridges washed away.
9	02-08-2021	Tissa	GP Bharada, PC TikriGarh	➢ No loss

Flash Floods

Sr. No.	Date	Sub-Division	Place/Location	Detail of Damage
1	14-06-2021	Dalhousie	MuhalLahad	➢ 1 Pucca House
2	15-06-2021	Dalhousie	Patwar Circle Saleu	➢ 1 Cow shed
3	17-06-2021	Dalhousie	Village BateiMohalKhun PC Chuhan	➢ 1 Kutcha House
4	10-07-2021	Dalhousie	Village Rangar PC Samleu	➢ 26 Kutcha House
5	12-07-2021	Bhattiyat	Tehsil Sihunta	➢ 31 Cowshed (27 Fully, 4 Partially) ➢ 26 kutcha house ➢ 1 Buffalo Died
6	20-07-2021	Dalhousie	Village Bhatoli, Bhatyata PC Chuhan	➢ 3 Cow shed
7	20-07-2021	Dalhousie	Village Banu GP Sudli PC Chuhan	➢ 1 Kutcha House
8	27-07-2021	Chamba	Village Chaned at NH 154 - A	➢ 1 Person (JCB Helper) was washed away and died

Detail & Photographs of Cloud Bursts & Flash Flood:-

मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान, नदी-नालों के पास न जाएं लोग



ऊना के नंगल जरियालां में मकान के पास गिरा पेड़।

प्रदेश में कब-कब आया मानसून

वर्ष	तारीख	वर्ष	तारीख
2020	24 जून	2015	24 जून
2019	2 जुलाई	2014	1 जुलाई
2018	27 जून	2013	15 जून
2017	1 जुलाई	2012	27 जून
2016	21 जून	2011	25 जून
		2010	5 जुलाई

में 32.0, हमीरपुर में 31.8, चंबा में 31.0, सोलन में 27.0, धर्मशाला में 27.6, शिमला में 22.3, केलांग में 19.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

दो दिन बारिश से 91 लाख का नुकसान

विद्युत बोर्ड और लोनिवि को 87 लाख की चपत, तूफान से बिजली के तार और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। जिले में दो दिन हुई बारिश से दो विभागों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। बारिश से करीब 91 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

बारिश और तूफान चलने से विद्युत बोर्ड को जिलाभर में करीब 27 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग को 60 लाख रुपये की चपत लगी है।

जिले में बारिश से कच्चे मकान और पशुशाला ढह जाने से करीब चार लाख 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिला में बारिश होने से विद्युत ऊना मंडल के तहत तीन लाख और गगरेट मंडल के तहत 12 लाख तथा अंब मंडल के तहत लगभग 12 लाख का नुकसान हुआ है। दो दिन नुकसान और बारिश से जीतपुर खोरी, गोदपुर खनेड़ा, भंजाल, स्योरा, कुटियाड़ी, ठठल, पंजोअ आदि गांवों में पेड़ों और उनकी टहनियों के टूटने से विद्युत

भारी भरकम आम का पेड़ गिरा, बाल-बाल बचा परिवार

ऊना। शनिवार को आए तूफान ने जहां जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया था। वहीं रविवार सुबह चार बजे नंगल जरियालां गांव में भारी भरकम आम का पेड़ गिर गया। इससे पास ही खड़ा बेरी का पेड़ भी गिर गया। गनीमत रही कि रात होने के कारण सड़क पर आवाजाही नहीं थी और पास में स्थित घर में सुबह रविवार के सभी सदस्य अंदर सोए थे।

इस हादसे में उनकी खरोंच में न आए। हादसा बेरी और आम के पेड़ स्थानीय और ट्रांसफार्मर को काफी नुकसान पहुंचा है। अंब मंडल के एक्सईएन मोहन भौमिक ने बताया कि विद्युत बोर्ड के कर्मचारी सुबह होते ही विद्युत सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गए। दोपहर तक सभी 725 के करीब ट्रांसफार्मर को चालू कर दिए गए थे। शेष बचे 3 ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। लोक निर्माण



नंगल जरियालां गांव में गिरा आम का पेड़।

एवं सांसद सुद ने बताया कि रविवार सुबह चार बजे आम का पेड़ गिरा। सूचना मिलने पर पंचायत प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आम के पेड़ को काटकर हटवाया। इससे सड़क पर आवागमन शुरू हो पाया। इस बारे में नंगल जरियालां पंचायत की प्रधान सीमा भारद्वाज और उपप्रधान प्रदीप चक्र किनेता कैप्टन सुरजीत जरियाल ने बताया कि सुबह ही आम के पेड़ को हटाने में सहयोग दिया। -संवाद

विभाग के एसई एचसी सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के भरवाई डिवीजन में बारिश से सड़कों को करीब 60 लाख का नुकसान हुआ है।

मानसून की दस्तक, ऊना में 15.5 मिमी बारिश

ऊना। मानसून की दस्तक के चलते जिला ऊना में 15.5 मिमी बारिश हुई। इससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जिला के लोगों को भीषण गर्मी और दोपहर के समय चलने वाली गर्म लू से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार प्री मानसून करीब एक सप्ताह पहले आ गया है। इसके चलते पहली भारी बारिश शनिवार आधी रात को हुई। इससे जिला के किसानों को फसलों की सिंचाई से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग ने रविवार को जिला का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश के आसार जताए हैं। देर रात हुई बारिश के साथ जिला में तेज तूफान भी चला। इससे लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ा।

मौसम विशेषज्ञ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में भी बारिश होने के आसार हैं। -संवाद



अंब क्षेत्र में बारिश के बाद गिरे पेड़ से क्षतिग्रस्त बिजली के तार। -संवाद



लड़ोली में तूफान के कारण मकान पर गिरा पेड़। -संवाद



ऊना में क्षतिग्रस्त खंभा। -संवाद

अंब में अंधड़ से ढाई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान

अंब (ऊना)। तूफान के चलते उपमंडल अंब में आधा दर्जन से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। शुक्रवार देर रात तूफान के चलते सात मकानों को भारी नुकसान होने की सूचना है।

तूफान इतना तेज था कि कहीं पेड़ टूटकर मकान पर आ गिरे तो कहीं मकानों की छतें उड़ गईं। तूफान के कारण लड़ोली में कमला देवी पत्नी राय सिंह के स्लेटपोश मकान पर एक भारी भरकम पेड़ आ गिरा। इस कारण मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना में एक लाख बीस हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। इसके अलावा खुरी गांव में अजय कुमार पुत्र बलवीर सिंह के मकान को तूफान के कारण क्षति हुई है। इसमें 35 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। पतेहड़ में तूफान से रोशन लाल पुत्र बाबू राम की पशुशाला नष्ट हो गई। इसमें लगभग चालीस हजार रुपये ने नुकसान हुआ है। ज्वार में सोनी कुमार पुत्र स्वर्ण सिंह के मकान को हानि हुई है। इसमें दस हजार रुपये का नुकसान है। मैड़ी में सुरिंद्र कुमार पुत्र बिंदे चंद के मकान को क्षति के कारण पंद्रह हजार रुपये, परमजीत पुत्र किशन चंद के मकान को तूफान के चलते क्षति पहुंची है। इससे बीस हजार रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। मनोह में गुरनाम सिंह पुत्र नत्थू राम के मकान को क्षति पहुंची है। इसमें दस हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। तहसीलदार अंब अभिषेक भास्कर ने बताया कि नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। सात मकानों को लगभग ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। -संवाद



अंब में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर। -संवाद

तूफान से उखड़ी खनन विभाग की चेक पोस्ट, तीन घायल

देवेंद्र सूद। गगरेट

उपमंडल गगरेट में आए तेज तूफान व बारिश में हिमाचल-पंजाब सीमा पर खनन विभाग की चेक पोस्ट उड़ गई। इस हादसे में तीन लोग घायल भी हुए, वहीं लाखों रुपये का नुकसान भी हुआ है। घायल चालक को उपचार के लिए होशियारपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात्रि आए तेज तूफान व बारिश से हिमाचल-पंजाब सीमा पर स्थित खनन विभाग की चेक पोस्ट उड़ गई, जिसमें इस हादसे में खनन विभाग के निरीक्षक गुरदयाल सिंह, होमगार्ड करमदीन व एक अन्य चालक हरदयाल सिंह घायल हो गए। परिवहन विभाग के टावर की वजह से इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल गगरेट में भर्ती करवाया गया। चालक हरदयाल सिंह की हालत गंभीर होने के चलते उसे पंजाब के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस तूफान में गगरेट बिजली बोर्ड को भी 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, तो वहीं खनन विभाग को 3 लाख व परिवहन विभाग को करीब 1.50 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। हादसे के बाद जिला खनन अधिकारी नीलकांत व परिवहन विभाग के एआरटीओ राजेश कौशल ने मौके पर पहुंचकर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया है। खनन विभाग की इस चेक पोस्ट का कुछ माह पहले ही मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने ऑनलाइन लोकार्पण किया था।

● लाखों रुपये का नुकसान



तूफान से उखड़ कर पड़ी चेक पोस्ट।

बिजली विभाग को हुआ 12 लाख रुपये का नुकसान

अंब। शनिवार तड़के आए तूफान से विद्युत मंडल अंब के अंतर्गत विभाग को करीब 12 लाख का नुकसान हुआ है। दो दिन पहले तूफान के बाद आये तेज तूफान से गीतपुर बहेरी, खोंदपुर बनेड़ा, मंजाल, लोअरा, कुठियाड़ी, ठठल व पंजोआ आदि गावों में पेड़ों और उनकी टहनियों के टूटने से विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मर को काफी नुकसान पहुंचा है। विद्युत विभाग के कर्मचारी सुबह होते ही विद्युत सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गए और दोपहर तक सभी 725 के करीब ट्रांसफार्मर को चालू कर दिया गया था, जबकि शेष बचे 3 ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

'नंगल जरियालां में तूफान से आंगन में गिरा आम का वृक्ष'

रात होने की वजह से बाल-बाल बचे घर के सदस्य एवं राहगीर

नंगल जरियालां/पनारी, 13 जून (दीपक/पाराशर): शनिवार रात आए तेज तूफान ने जहां जिलाभर में खूब कहर बरपाया, वहीं गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भी तूफान से कई जगह नुक्सान होने का समाचार प्राप्त हुआ है।

रविवार सुबह 4 बजे तेज बारिश और तूफान से गांव नंगल जरियालां मियां के तालाब पर राजस्व विभाग के कार्यालय के समीप सड़क किनारे वर्षों पुराना आम का वृक्ष ढह गया।

गनीमत रही कि उस समय रात होने के कारण सड़क पर कोई भी आवाजाही नहीं थी और पास में स्थित घर के सभी सदस्य सोए हुए थे।

ग्राम पंचायत नंगल जरियालां के पूर्व प्रधान राजिन्द्र सूद ने बताया कि सुबह 4 बजे के करीब उक्त आम के पेड़ के गिरने की जोरदार आवाज हुई, जिससे वे घबरा गए और एकदम बाहर आकर देखा तो आंगन में आम का वृक्ष गिरा हुआ था। उन्होंने बताया कि हालांकि आम का पेड़ उनके आंगन में गिरा है लेकिन फिर भी कोई भी जानमाल का नुक्सान नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि इस सड़क पर पूरा दिन वाहनों की आवाजाही लगी रहती है और अगर कहीं यह आम का वृक्ष दिन के समय में गिरता तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। सुबह होते ही ग्राम पंचायत सदस्य तथा लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर इस भारी-भरकम आम के पेड़ को काटकर सड़क से हटवाया।

लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ. कुशल सिंह डडवाल से जब पूछा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के किनारे और भी कई जगह जर्जर पेड़ हैं जोकि कभी भी गिर सकते हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम से सकते हैं तो उन्होंने बताया कि सड़कों के किनारे पर स्थित सभी पेड़ों पर वन विभाग का अधिकार होता है और उन्होंने अपने क्षेत्रों के सभी ऐसे पेड़ों को चिन्हित करने के पश्चात कटवाने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर फाइलें वन विभाग व तहसीलदार को सौंप दी हैं।



नंगल जरियालां : शनिवार रात आए तूफान से सड़क पर गिरे वर्षों पुराने आम के पेड़ को काटकर रास्ता बहाल करवाते हुए पंचायत प्रतिनिधि व अन्य। (दीपक)

'ओलावृष्टि व तूफान से आम की फसल तबाह'

मुबारिकपुर (केहर): पिछले कल आए तूफान व ओलावृष्टि से आम की फसल लगभग तबाह हो गई, जिससे किसानों को काफी हानि हुई है। ओलावृष्टि से किसानों की उगाई हुई सब्जियों पर भी भारी असर पड़ा है। स्थानीय किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है। किसानों बलदेव सिंह, अश्विनी कुमार और रमेश ने सरकार से फसल को हुए नुकसान का आकलन कर हुए किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

Dated 17.06.2021

आक्रोश | लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ की नारेबाजी, सड़क पर पानी जमा होने से हो रही दिक्कत

कांगड़ में सड़क बनी तालाब, घरों में घुसा पानी

संवाद सहयोगी, हरोली : उपमंडल हरोली के भाई जी का मोड़ से पालकवाह तक 10 करोड़ रुपये से बन रही सड़क विवादों में घिर गई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से दोहरे मापदंड अपनाने से सड़क के दोनों तरफ के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आठ किलोमीटर लंबी सड़क को कोलतार व सीमेंट युक्त बनाया जा रहा। सड़क को कहीं ऊंचा व कहीं नीचा किया गया है। इससे बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसकर नुकसान पहुंच रहा है।

निकासी न होने से पानी खेतों में जमा होकर फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बुधवार को भी बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। कांगड़ में तो सड़क ने तालाब का रूप धारण कर लिया।



कांगड़ में सड़क पर जमा बारिश के पानी को दिखाते ब्लाक कांग्रेस हरोली के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू (मध्य) व लोग ● जागरण

ब्लाक कांग्रेस हरोली के अध्यक्ष विनोद बिट्टू की अगुवाई में पंचायत प्रधान नीलम देवी, उपप्रधान गणेश कौशल व ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विभाग से जल्द कांगड़ में जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग की है। विनोद बिट्टू ने बताया कि उन्होंने व ग्रामीणों ने ठेकेदार, एसडीओ व जेई को समस्या से अवगत करवाया था लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। 15 दिन के भीतर पानी की उचित निकासी का प्रबंध नहीं किया तो वे विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे।

10 करोड़ रुपये से हरोली के भाई जी का मोड़ से पालकवाह तक बन रही सड़क

15 दिन के भीतर पानी की उचित निकासी का प्रबंध नहीं किया तो विभाग के कार्यालय का करेंगे घेराव

ठेकेदार, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ व कनिष्ठ अभियंता को समस्या से अवगत करवाने के बाद भी नहीं किया समाधान

धर्मपुर गांव के लोगों ने कांगड़ का पानी लेने से इन्कार कर नाले का कार्य रोक दिया है। इस कारण पानी निकासी नहीं हो रही है। तहसीलदार हरोली की ओर से निशानदेही करने के बाद नाले का निर्माण करवाया जाएगा।

-राजेश पाठक, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग हरोली

कांगड़ में सड़क पर खड़े पानी की समस्या से राहगीर परेशान

हरोली, 16 जून (दत्ता): विधानसभा हरोली के गांव कांगड़ में सड़क पर खड़ा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय ग्राम पंचायत की प्रधान नीलम देवी, पूर्व प्रधान एवं हरोली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, उपप्रधान गणेश कौशल, पंच रजनी देवी, सरिता देवी, सोमा देवी, पूर्व पंच कमलेश कुमारी, माहिंद्र पाल, गुरदेई, बलबिंद्र कुमार, विजय कुमार, सीमा देवी, भोली देवी व प्रवीण देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सलोह से पालकवाह तक बन रही लोअर सड़क के गांव कांगड़ में बारिश का पानी भारी तादाद में खड़ा हो रहा है जिस कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग हरोली उपमंडल के एस.डी.ओ. राजेश पाठक ने बताया कि गांव कांगड़ में सड़क पर जहां बारिश का पानी खड़ा है, वहां पर सीमैंट कंक्रीट की सड़क बनाई हुई है।



हरोली : कांगड़ में सड़क पर खड़े पानी में गुजरते लोग। (दत्ता)

सड़क के दोनों ओर मिट्टी लगाकर किनारों को ऊंचा किया हुआ है जिस कारण वहां पर से पानी की निकासी नहीं हो पा रही।

उन्होंने बताया कि इस समस्या के हल करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

Dated 19.06.2021

आपदा से निपटने के लिए मशीनरी तैयार रखें : निधि

ऊना। मानसून के दौरान अत्यधिक बारिश और अन्य किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग मशीनरी तैयार रखें। अनिवार्य मशीनरी का निरीक्षण करने और दुरुस्त करने के अलावा फील्ड में जाकर अधिकारी निरीक्षण करें। यह निर्देश एसडीएम सदर डॉ. निधि पटेल ने मानसून की तैयारी को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों को दिए।

एसडीएम ने कहा कि इस महीने के अंत तक मानसून के ऊना में आने का पूर्वानुमान है। ऐसे में विभागों को समय रहते तैयारी कर लेनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को नदी नालों की सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने आईपीएच को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल योजनाओं के रखरखाव और क्लोरीनेशन करने के निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत बोर्ड, खाद्य आपूर्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विभागों को अधीनस्थ अधिकारियों को आपदा से निपटने के लिए कमेटी का गठन कर और दूरभाष नंबर सूची तैयार कर एसडीएम कार्यालय को प्रस्तुत करने को कहा ताकि आपात स्थिति में उनसे संपर्क किया जा सके।

उन्होंने शहरी निकायों और खंड विकास अधिकारी ऊना को पंचायत स्तर पर लोगों को बरसात में सचेत करने के आदेश दिए।

Dated 12.07.2021

बारिश से लोगों को मिली राहत

जिले में 12.6 मिमी बरसे मेघ, फसलों को मिली संजीवनी



ऊना में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। जिले में रविवार से मानसून ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दी है। सुबह के समय बरसात का दौर शुरू होने से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत पाई। मौसम विभाग के अनुसार जिले में पांच दिन तक बारिश होने के आसार हैं।

सूखे के कारण जिले के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मानसून शुरू होने से फसलों को भी पानी मिल गया है। अब किसानों को मक्की की बंपर पैदावार की उम्मीद जग गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को ऊना का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। ऊना में रविवार सुबह 12.6 मिमी बारिश हुई। विभाग के अनुसार 24 घंटे में मानसून दिल्ली से हिमाचल पहुंच गया है। जिले में मानसून की पहली बारिश होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

गर्मी से राहत

जमकर बरसे मेघ, पानी से खेत लबालब

बारिश फसलों के लिए संजीवनी, अब तक थे सूखे के हालात, बारिश न होने से 30 प्रतिशत तक खराब हो चुकी है मक्की की फसल

कई दुकानों में बारिश का पानी घुसने से हुआ नुकसान





न्यूनतम तापमान में आई गिरावट

बारिश से किसानों के चेहरों पर आई रौनक



Dated 13.07.2021

भारी बारिश से ऊना जलमग्न, गर्मी से राहत

डीसी कार्यालय; कोर्ट परिसर समेत कई जगह जलभराव, अपर बढ़ेड़ा में दुकानों और घरों में घुसा पानी, लोग परेशान

80.4 मिमी बारिश



उपायुक्त कार्यालय के बाहर जमा हुआ पानी।

बारिश से 23.50 लाख का नुकसान

गगरेट में भी भरा पानी



गगरेट क्षेत्र में घुसा पानी।



उपायुक्त कार्यालय के पास जलभराव होने के कारण टाइपिस्ट को मजबूरन बैंच पर खड़े होना पड़ा।

Dated 20-07-2021

बरसात की पहली ही बारिश में ऊना जलमग्न

डीसी ऑफिस कैंपस में हुआ जलभराव, सड़क से कट गई पंडोगा पुलिस चौकी

चंद्रमोहन चौहान। ऊना

लंबे इंतजार के बाद सोमवार को ऊना में जमकर मेघ बरसे। बरसात के मौसम में बरसाती पानी की सबसे पहली डेस्टिनेशन एक बार फिर डीसी ऑफिस कैंपस बना। करीब आधे घंटे तक तेज बरसने के बाद ही डीसी ऑफिस कंपलेक्स पूरी तरह से जलमग्न हो उठा। लंच ब्रेक के दौरान अपने अपने कार्यालय से बाहर निकले कर्मचारियों को जूते शाखों में उठा कर कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। यहीं, भारी बारिश के बाद डीसी ऑफिस कैंपस में पानी घुस जाने से पुलिस विभाग के कर्मचारी भी इसमें ऑफिस को बरसाती पानी की चपेट में आने से बचाने की जद्दोजहद करते दिखे। जिला मुख्यालय के ही वार्ड 1 की कई गलियों में पानी भर गया। ऊपर हरोली उपमंडल की पंडोगा पुलिस चौकी का संपर्क मुख्य सड़क मार्ग से कट गया।

पुलिस चौकी और ऊना-होशियारपुर रोड के बीच बरसाती पानी ने काफी गहरा नाला खोद डाला। गौरतलब है कि जिला में करीब एक महीने से बारिश का इंतजार किया जा रहा था। लगभग 1 माह से भीषण गर्मी से त्रस्त लोग लगातार आसमान की तरफ टकटकी लगाकर देख रहे थे। लेकिन सोमवार को जब जिले के



ऊना। मिनी सचिवालय ऊना के अंदर जमा पानी व पार्किंग में खड़े वाहन पानी में डूबे हुए।

तालाब बना जालंधर-मनाली नेशनल हाईवे

गगरेट। उपमंडल हुई बारिश में जालंधर-मनाली नेशनल हाईवे गगरेट बाजार में तालाब का रूप धारण कर गया, तो वहीं कई दुकानों व घरों में बारिश का पानी घुसने से लोगों को नुकसान हुआ है। सोमवार को गगरेट उपमंडल में जमकर मेघ बरसे गगरेट बाजार में बारिश का पानी लोगों की दुकानों में जा घुसा गगरेट नगर पंचायत के भरवाई रोड पर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते हर साल बरसात में गगरेट -सुआरिकपुर मार्ग तालाब का रूप धारण कर जाता है। वहीं ऊना रोड पर भी एक बरसाती नाला खुद उफान पर था, जिसके चलते ट्रैफिक बाधित रहा। इस नाले को संकरा कर इसकी चौड़ाई कम करने पर अब यह बरसाती नाला किसानों की उपजाऊ भूमि को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं भरवाई रोड पर बारिश का पानी राजेश कुमार की टायरों की दुकान में जा घुसा। वहीं नगर पंचायत गगरेट में एक बरसाती नाले को एक भाजपा नेता द्वारा संकरा किए जाने के चलते इस नाले का पानी किसानों के उपजाऊ खेतों में नुकसान पहुंचा रहा है।

घतियाल में मनोहर मार्केट में लाखों का नुकसान

धमांदरी। गांव घतियाल में स्थित मनोहर मा कैट सोमवार को हुई भारी बारिश से दुकानों व घरों में पानी घुस गया पानी के चलते दुकानदारों व लोगों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि पानी की निकासी की समस्या को लेकर 1100 नंबर पर शिकायत की,लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाया है।

लोगों की बारिश की खुशी पूरी हुई तो कुछ ऐसी हुई कि हर जगह जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बन गई।

जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

ऊना। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपायुक्त राघव शर्मा ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश एवं अगले कुछ दिनों के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी से भू-स्खलन वाले पहाड़ी इलाकों की यात्रा करना फिलहाल टालने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि आपदा या दुर्घटना की स्थिति में 1077 या 01975-225045, 225046, 225049, 225052, 9459457476 नंबरों पर संपर्क करें। एसडीएम ऊना 8130475235, एसडीएम अंब 9996047763, एसडीएम बंगाणा 9418139700, एसडीएम हरोली 8091253331 और एसडीएम गगरेट 9816522214 के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त 9418360989, उपायुक्त ऊना 7018999701, 9816818005 के दूरभाष नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।



ऊना/हौलपुर चौक : भारी बारिश के चलते कुरीयाल गांव में लोगों के घरों में घुसा बरसाती पानी, (बाएं) भारी बारिश के चलते रिवाली गांव में जलमग्न हुई सड़क और सड़क का छोर। बरसाती पानी की निकासी न होने से घरों में पड़ा पुराने सामान को दिक्कतों का सामना करता पड़ा व (दाएं) हौलपुर चौक के बंद गांव में लोगों के घरों में घुसा पानी।



पुलिया को बंद किया, बारिश से छज्जू राम का मकान ढहा



एसडीएम ऊना डॉ. निधि पटेल मौके पर पहुंची

ऊना,(आपका फैसला)। जिला ऊना उपमंडल के सहत पड़ती ग्राम पंचायत झंबर के गांव सूरजेहड़ा निवासी छज्जू राम को उस समय आपदा आ पड़ी, जब निजी भूमि मालिकों द्वारा लोगों के घरों का गंदा पानी पुलिया के बीच से ना आने को लेकर पुलिया को बंद कर दिया गया। इस विवाद के बीच बंद पड़ी पुलिया का खामियाजा मूसलाधार बारिश में दलित गरीब छज्जू राम को झेलना पड़ा है। जबकि निजी भूमि मालिकों का कहना है कि इस विवाद में छज्जू राम का कोई कसूर नहीं है। उन्होंने अन्य लोगों के घरों से आ रहे गंदे पानी को लेकर पुलिया के ऊपर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप रविवार रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश ने दलित बस्ती का रुख कर लिया और जलभराव होने से छज्जू राम का कच्चा मकान ढह गया। सूचना के बाद मुसीबत में फंसे छज्जू राम को राहत प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत उप प्रधान जीवन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का जायजा लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन को मामला सुलझाने की गुहार लगाई। इसके बाद एसडीएम ऊना डॉ निधि पटेल, राजस्व विभाग से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी, लोक निर्माण विभाग इत्यादि पुलिस दलबल व मशीनरी सहित गांव सूरजेहड़ा में पहुंच कर राहत कार्य में जुट गई। डॉ. निधि पटेल ने इस प्रकार से पुलिया के पानी को अवरुद्ध करने वाले लोगों की लताड़ भी लगाई और लोगों से सहमति जताकर मौके पर पानी की निकासी को सुचारू करने के आदेश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत झंबर के उप-प्रधान जीवन शर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, पशुपालन, मत्स्य एवं कृषि विभाग मंत्री वीरेंद्र कंवर द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कुरियाला मोड़ से धर्मांदरी चरेड़ा तक करीब 10 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट के तहत जहां सड़क का निर्माण किया गया था। इसके बीच सूरजेहड़ा में जहां पानी की निकासी के लिए पुलिया डाली गई थी। जिसे मालिकों द्वारा लोगों के घरों के गंदे पानी का हवाला देकर मिट्टी डाल बंद कर दिया है। अब बारिश होने से जहां पानी का तेज बहाव स्थानीय दलित बस्ती की ओर चला गया है। जिसमें निर्धन छज्जू राम का कच्चा मकान ढह गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित का करीब दो से तीन लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। ऐसे में प्रशासनिक टीम ने फौरी राहत देने का भी आश्वासन दिया है।

खेतों में घुसा पानी, मक्की की फसल को हुआ नुकसान

जोल (ऊना)। सोहारी सड़क पर नाली नहीं बनने से बारिश का पानी बड़ुहा के घरों में घुस गया। सड़क के किनारे पानी निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं है। इस कारण खेतों में भी पानी घुसा और तबाही मचाई।

बड़ुहा गांव के गुरुदेव सिंह के बरामदे में पानी भर गया और मशीन को नुकसान पहुंचा। मदन लाल और सुरेंद्र कौर के घर में पानी भी घुस गया है। देर रात भारी बारिश से मक्की की फसल को भी नुकसान हुआ है।

रामनगर गांव में भी सड़क पर पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने से भूमि कटाव हो रहा है। ग्रामीण में सुरेश कुमार, अंकुश कुमार और पवन कुमार ने चिंतपूर्णी के विधायक बलबीर सिंह से आग्रह किया है कि इस समस्या का समाधान जल्द करवाया जाए। लोक निर्माण विभाग एसडीओ जोल मोहिंदर सिंह भाटिया ने बताया कि यह मामला उनके ध्यान में आया है। जल्द सड़क के किनारे कच्ची नाली बना दी जाएगी और बरसात खत्म होने के बाद पक्की नाली का भी प्रावधान कर दिया जाएगा। -संवाद

वैकल्पिक सड़क से चली गाड़ियां

ऊना। गगरेट के संघनई गांव में खड्ड का पानी आने से गगरेट-दौलतपुर सड़क बाधित हो गई। बरसाती पानी आने से यहां से वाहनों की आवाजाही रुक गई। इससे गाड़ियों को वैकल्पिक रास्ते से जाना पड़ा। कुछ समय बाद पानी का स्तर कम होने से सड़क फिर से बहाल हो गई। -संवाद

Dated 21-07-2021

बंगाणा के धतोल में भारी बारिश से गिरा मकान के साथ लगता डंगा



बंगाणा, (आपका फैसला)। उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत धतोल में बीती रात भारी बारिश होने के कारण सरोज कुमारी के घर के साथ लगता डंगा ध्वस्त हो गया। वहीं सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार एवं बीडीसी अध्यक्ष

बीडीओ बंगाणा ने मौके पर जाकर 50 हजार की धनराशि की स्वीकृत, एक सप्ताह में होगा कार्य शुरू

देवराज शर्मा ने मौके पर जाकर नकसान का जायजा लिया और संबंधित पटवारी से नुकसान की रिपोर्ट तलब करके 50 हजार की धनराशि उक्त डंगे के लिए खंड विकास अधिकारी ने स्वीकृत की और एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने के आदेश दिए। बताते चलें कि उक्त पीड़ित परिवार अति निर्धन कैटेगिरी से भी नीचे है और सरोज कुमारी के सिर पर पति का साया भी नहीं है। उनका एक बेटा है, जो अभी बेरोजगार है। कच्चा मकान होने के कारण भारी बारिश में गिरने का डर सताता रहता है। खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार ने कहा कि उक्त परिवार के मकान के साथ लगा डंगा, जो भारी बारिश के साथ गिर गया है, उसके गिरने से मकान को भी खतरा पैदा हो गया है। हमारा प्रयास है कि एक सप्ताह के भीतर उक्त डंगे का कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि मकान को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जितना भी पैसा लगेगा, उसे लगाया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार की सहायता की जा सके। गौर रहे कि बंगाणा उपमंडल में 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है और कई नुकसान भी हो रहे हैं। हालांकि खंड विकास अधिकारी यशपाल सिंह परमार बड़ी मुस्तैदी से हर नुकसान का जायजा लेकर तुरंत संबंधित पटवारी से नुकसान की रिपोर्ट तलब करके कार्य शुरू करने के आदेश दे रहे हैं, लेकिन रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी होने पर विकास कार्यों में भी बाधा आ रही है।।

Dated 29-07-2021

बारिश से जलमग्न हुआ ऊना शहर घरों और कार्यालयों में भरा पानी

पिरथीपुर में मकान जमींदोज, स्वां नदी सहित जिले की अन्य खड्डों का जलस्तर बढ़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना/दौलतपुर चौक। बारिश से ऊना शहर जलमग्न हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त आवास, सिविल सर्जिकल अस्पताल और ट्रेजरी कॉलोनी में पानी भर आया। सिविल सर्जिकल अस्पताल से पानी को निकासी की उचित व्यवस्था न होने से पूरा प्रशासनिक परिसर तालाब में तब्दील हो गया।

इसके अलावा हरोली के भदसाली में भी घरों में दो से तीन फीट तक पानी ने सहम तबाही मचाई। दिहाणशी घरों में पानी घुसने से स्त्रीगों को लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। भदसाली के वार्ड संख 4 सुदेश कुमारी पत्नी चरण दास के घर में पानी घुसने से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस दौरान पंजीश पुलिस फरिश्तों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार की मदद की।

चौगी हाल की जारी सूचनानुसार बारिश सुबवार सुबह काफर खनकर बरसी। चहोटी, उपमंडलाय अंब के खाई ची में पानी के तेज बहाव में एक कार फंस गई। इसी ट्रैक्टर की मदद से बाहर निकाला। हरोली के पंजीश में खड्डाड़ का जलस्तर बढ़ने से घटी लाक सम्पर्क बंद रहा। इसके अलावा विकास खेड़ सगरेट के तहत पिरथीपुर में सुबवार को भारी बारिश के चलते एक कच्चा मकान जमींदोज हो गया। इसमें परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए।

बताया जा रहा है कि पिरथीपुर गांव के खाई जंबर ची में सुबवार सुबह लगभग 3 बजे मौके सीकी राम का कच्चा मकान अचानक गिर गया। मकान में रखा अनाज, बिस्तर और अन्य सामान खराब हो गया है।

सरीब परिवार के सदस्यीत पंडित सीकी राम ने बताया कि भगवान का शुक्र रहा कि परिवार का कोई सदस्य इसकी चपेट में नहीं आया, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, पंचायत प्रधान विजय सिंह ने सीकी राम के मकान के गिरने की पुष्टि की है। बताया कि इस बारे में राजस्व विभाग को सूचना दे दी है। ताकि नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित को पक्की सहायता प्रदान की जा सके। अन्य जगहों पर हुए नुकसान की भी जांच की जा रही है।



ऊना में शुक्रवार को बारिश के पानी से भरा मिनी सचिवालय। - संवाद


पिरथीपुर गांव में बारिश से जमींदोज मकान दिखाता पीड़ित परिवार। - संवाद


अंब में ट्रैक्टर की सहायता से बाढ़ में फंसी गाड़ी को बाहर निकालते हुए। - संवाद

बारिश से जिले में 2.30 करोड़ का नुकसान

ऊना। जिले में शुक्रवार को हुई बारिश से जिला में 2.30 करोड़ का नुकसान हुआ है। शुक्रवारकेर बारिश से भगवान उपमंडल में एक शिक्षक मार्ग भी बंद हो गया। बारिश से विद्युत-सहिताखाल-चिंतपूर्णी सड़क बंद हो गई। नुकसान की पुष्टि एडीसी डॉ. अमित शर्मा ने की है। बारिश से लोक निर्माण विभाग को 1.54 करोड़, जलशक्ति को 76.25 लाख और पशुपालन और खरीद में पशुशाला क्षतिग्रस्त होने से 45 हजार का नुकसान हुआ है। संवाद

लगातार दूसरे दिन बारिश से ऊना जलमग्न

जिले में 119 मिलीमीटर बारिश दर्ज, 25 डिग्री तक लुढ़का पारा

चंद्रमोहन चौहान। ऊना

दो दिन से लगातार हो रही बारिश से ऊना एक बार फिर जलमग्न हो गया। मिनी सचिवालय परिसर सहित सड़कें पूरी तरह से पानी से भर गईं। मुख्यालय वासित से सटे-पाले भी पूरी तरह से उफान पर रहे। बुधवार सुबह से हो रही जोरदार बारिश के चलते घाटपाल पूरी तरह से थम गया और लोग घरों व दुकानों में कैद होकर रह गए। हालांकि बारिश के बाद किसानों के चेहरे भी चमक उठे हैं।

बुधवार को जिला का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। बुधवार शाम करीब 4:00 बजे तक119 मिलीमीटर वासित दर्ज की गई। जलभराव की समस्या से जिलेभर के कई क्षेत्रों में लोग काफी दिक्कतों से जूझते नजर आए। हरोली उपमंडल के भदसाली में एक घर में जलभराव की समस्या से करीब 1 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं, मौसम विभाग के पर्यवेक्षक सिंदर कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को जिला में कुल 119 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अगले वाले दिनों में भी बारिश का दौर इसी तरह से जारी रहने की प्रबल संभावनाएं हैं।

● हरोली के भदसाली में घर में घुसा पानी


ऊना। भदसाली में घर में घुसा बारिश का पानी।

नुकसान का जायजा लेने मनोहर मार्केट पहुंचे विवेक शर्मा

कुटलैहड़ वर्तीक एसोसिएशन कमेटी अध्यक्ष विवेक शर्मा बुधवार को मनोहर मार्केट नाली में बारिश के साथ हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे। जहां पर डिंपू ने कहा कि विभाग द्वारा जो सड़के बन रही है, उन पर बिना किसी डिजाईन से काम किया जा रहा है, जिसका नतीजा यह है कि लोगों को बारिश के पानी के साथ भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह संरेजाम विभाग की लापरवाही का परिणाम है कि सड़क पर कार्य किया गया, मगर पानी को निकलने के लिए ट्रेन का प्रावधान नहीं किया गया। इनके चलते लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा की सरकार अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जो लोगों का नुकसान हो रहा है उस पर उन लोगों को मुआवजा देने का भी प्रावधान करे।



दो पशुशालाओं सहित एक मकान क्षतिग्रस्त


बारिश से खरीह के राजेश कुमार के घर की एक दीवार पूरी गिर गई। - संवाद

ऊना/खरीह, 29 जुलाई । क्षेत्र में दो दिन से जारी बारिश ने कहर ढहाना शुरू कर दिया है। उप तहसील में बारिश से करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग के अनुसार मंगलवार को बिन्नू, गांव के पधलेहरा में बारिश से सबसे ज्यादा पुत्र चौधरी राम की पशुशाला की दीवार ढह गई। वीरवार को ज्यालीय पटवारी निशांत शर्मा ने पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट बना दी है। इसके अलावा खरीह गांव के सबसे बिंदु पुत्र चौधरी राम की भी बारिश से पशुशाला की दीवार ढह गई। वहीं खरीह पंचायत में राजेश कुमार पुत्र लालू राम के मकान की एक दीवार गिर गई है व बाकी दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। पटवारी रीता ने बताया कि राजेश कुमार को करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। नुकसान की रिपोर्ट बना ली है, जो आगे प्रेषित कर दिया जाएगा।

अंबोआ खड्ड में कार सहित बहने से बाल-बाल बचे कार सवार

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला

गगरेट, 28 जुलाई (बृज): उपमंडल में मंगलवार रात्रि से शुरू हुई बरसात ने जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित किया है तो बरसाती खड्डों के उफान पर आने से कई सड़क मार्गों पर आवाजाही भी प्रभावित होकर रह गई है। गगरेट-दौलतपुर चौक मार्ग पर अंबोआ खड्ड को पार करने के प्रयास में एक कार खड्ड के बहाव के साथ बहने से बाल-बाल बच गई। बरसात के चलते पिरथीपुर में एक मकान ढह गया। हालांकि बरसात के चलते जानी नुकसान होने से बच गया। लगातार बारिश होने से उपमंडल गगरेट की तमाम खड्डें उफान पर रहीं और खड्डों के बहाव के साथ गगरेट-दौलतपुर चौक सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर नाद भर जाने से लोक निर्माण विभाग को यातायात व्यवस्था बहाल करने के लिए खासा पसीना बहाना पड़ा। इसी मार्ग पर अंबोआ खड्ड के उफान पर आने के चलते एक कार चालक खड्ड पार करने के चक्कर में कार सहित बाल-बाल बहने से बचा।

इस खड्ड पर पुल का निर्माण किया जा रहा है और इसके साथ ही खड्ड में अप्रोच रोड बनाया गया है। गनीमत यह रही कि जिस समय यह कार खड्ड के बहाव के साथ बहने लगी तो उस समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस सड़क मार्ग को बहाल करने में जुटे थे और उनकी नजर उस कार पर पड़ गई। जिसके बाद कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद कार को भी सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया गया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कुशल डडवाल ने बताया कि बारिश के चलते कोई सड़क मार्ग बाधित न हो, इसके लिए लोक निर्माण विभाग युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है।



गगरेट : अंबोआ खड्ड में पानी के तेज बहाव में फंसी कार को बाहर निकालने का प्रयास करते हुए। (तुन)



ऊना : बुधवार को हुई रिमझिम बारिश के चलते जमीन पर बिछी मक्की की फसल। (फिल)



ऊना: नगर परिषद ऊना के वार्ड नंबर-11 में बारिश के दौरान गली में गिरा लहसा। (फिल)

अजनौली खड्ड ने पलटकर खेतों की तरफ किया रुख





ऊना: अजनौली खड्ड में इतना सैलाब आया कि यह पलटकर कोटला कलां के खेतों व सड़क में पहुंच गया। ग्रामीणों ने खड्ड के पानी को घरों में रोकने की काफी देर तक जद्दोजहद की। (तुन)

ऊना, 28 जुलाई (सुरेन्द्र): पिछले करीब एक महीने से बनी सूखे की स्थिति से ऊना जिले में बारिश से बड़ी राहत मिली है। हालांकि बुधवार को हुई भारी बारिश ने कुछ लोगों को दिक्कतें भी पैदा कीं। कई घरों में पानी घुस गया तो खेत-खलिहान पानी से लबालब भर गए। अजनौली की खड्ड में इतना सैलाब आया कि इसने पलटकर लोअर कोटला कलां के खेतों की तरफ रख कर लिया। यहां बनी सड़क नाले के रूप में तबदील हो गई है। कई घर भी इसकी चपेट में आए। ऊना-टक्का रोड भी इससे पानी-पानी हो गया। झलेड़ा-रैसरी में भी सैलाब से खेत जलाकन हो गए। यहां खेत तालाबों में परिवर्तित हो गए हैं। जिला मुख्यालय ऊना में आज 119 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। एक दिन में मेघ बरसने का यह काफी रिकार्ड है। इससे तापमान में भी बड़ी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 25.6, जबकि न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया है।

पिरथीपुर में बारिश से गिरा कच्चा घर

दौलतपुर चौक, 28 जुलाई (रोहित) : उपमंडल गगरेट में मंगलवार मध्य रात्रि से लगातार हो रही बारिश के चलते क्षेत्र की पिरथीपुर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 में एक कच्चा मकान गिर गया, जिसके चलते घर में रखा सामान व गेहूं खराब हो गया। पिरथीपुर ग्राम पंचायत प्रधान विजय कुमार ने बताया कि बुधवार से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण पिरथीपुर ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 के शोंकी कुमार पुत्र बंता कुमार का कच्चा घर गिर गया, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है।



दौलतपुर चौक : कच्चा मकान गिरने के बाद बेबस खड़ा व्यक्ति। (फिल)

शोंकी गरीब परिवार से संबंध रखता है और मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पटवारी ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है, वहीं स्थानीय विधायक राजेश ठाकुर से भी परिवार को आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। विधायक राजेश ठाकुर ने तहसीलदार बनारी को पीड़ित परिवार को फौरी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

भदसाली के घरों में घुसा पानी

हरोली, 28 जुलाई (दशा) : ऊना-होशियारपुर मुख्य मार्ग के गांव भदसाली स्थित 3 घरों में बरसाती पानी भर गया, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि बुधवार को सारा दिन हुई मूसलाधार बारिश के कारण भदसाली की मुख्य सड़क पर स्थित घरों में पानी भर गया, जिससे घरों के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रों में हुए बरसाती पानी के जमाव के चलते दमकल विभाग को बुलाना पड़ा। दमकल विभाग की टीम ने पाइप लगाकर घर के अंदर से पानी को बाहर निकाला। इसकी जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग के कानूनगो रविन्द्र शर्मा व पटवारी पवन कुमार ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इस बारे कानूनगो रविन्द्र शर्मा ने बताया कि भदसाली में 3 रिहायशी घरों में बरसात का पानी घुस गया था, जिनमें धर्मपाल, नवीन व सुदेश कुमारी के घर शामिल हैं। रविन्द्र शर्मा ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी है।



हरोली : भदसाली स्थित घर में घुसे बरसाती पानी से लबालब घर का आंगन। (दशा)

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu,29 July 2021 Edition: una kesari, Page no. 1

नंगल जरियालां में बारिश से मकान की 2 दीवारें ढहीं



नंगल जरियालां : बारिश से क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लेतीं वार्ड पंच रविता व क्षतिग्रस्त दीवारों को दिखाते लाल चन्द। (दत्ता)

प्रशासन से लगाई आर्थिक मदद की गुहार

नंगल जरियालां, 31 जुलाई (दीपक): गनोट विधानसभा क्षेत्र के नंगल जरियालां गांव के वार्ड नम्बर 3 में बारिश से एक मकान की दीवारें गिर गईं। गनीमत रही कि परिवार इसकी चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। उक्त मकान कभी भी जमींदोज हो सकता है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर शाम को लाल चन्द पुत्र शंकर सिंह के मकान व रसोई घर की दो दीवारें अचानक ढह गईं। गौर रहे कि लाल चन्द आर्थिक विपन्न परिवार से संबंधित है और मकान के क्षतिग्रस्त होने से उसके सिर पर छत नहीं बची है और उसे अपने भाई के मकान में जाना पड़ा है।

दिहाड़ी लगाकर परिवार का गुजर-बसर करने वाले लाल चंद पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम पंचायत उपप्रधान शीर्ष चक्र विजेता कैप्टन सुशील जरियाल व वार्ड पंच रविता रानी ने लाल चन्द के क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया, साथ ही प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रशासन लाल चन्द को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करे।

प्राइमरी व मिडल स्कूल रामपुर के शौचालय जमींदोज



ऊना : ग्राम पंचायत रामपुर स्थित प्राइमरी व मिडल स्कूल में बारिश के चलते धंसे शौचालय व (इनसैट) लटके दरवाजे। (नगर)

ऊना, 31 जुलाई (सुरेन्द्र): जिला मुख्यालय की निकटवर्ती ग्राम पंचायत रामपुर में स्थित प्राइमरी व मिडल स्कूल के शौचालय जमींदोज हो गए हैं। स्कूल प्रशासन ने इसकी सूचना विभाग को दे दी है।

स्कूल ईचार्ज अंजु बाला ने बताया कि वर्ष 2019 में शौचालय का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। संबंधित विभाग व प्रशासन को सूचना देने के बाद उक्त जगह सील कर दी गई थी। इसके बाद कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते स्कूल के 3 शौचालय दीवार सहित जमीन में धंस गए। इससे स्कूल का काफी नुकसान हुआ है।

अंजु बाला ने बताया कि इस हादसे की जानकारी शिक्षा उपनिदेशक को दे दी गई है। इस संबंध में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक देवेन्द्र चंदेल ने कहा कि रामपुर स्कूल प्रशासन की तरफ से उन्हें स्कूल के शौचालय के जमीन में धंसने की सूचना मिली है। उन्होंने शौचालय को गिराने के आदेश पारित कर दिए हैं।

Dated 02-08-2021

स्वां में लापता युवक का नहीं मिला सुराग



हरोली : स्वां में नहाते समय लापता हुए युवक को ढूंढने में जुटी हुई टीम पानी से बाहर आने के उपरांत अन्य सदस्यों संग। (दत्ता)

गोताखोर टीम ने बहते पानी का काफी हिस्सा खंगाला लेकिन रहे खाली हाथ

हरोली, 1 अगस्त (दत्ता): हरोली के तहत गांव लोअर बढेड़ा में स्वां नदी में नहाने गए युवक का दूसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल पाया है। आपदा प्रबंधन व गोताखोरों की टीम ने लापता युवक को ढूंढने के लिए कड़ी मशक्कत की। गौरतलब है कि शनिवार को यू.पी. के मध्यापुरा का निवासी 18 वर्षीय युवक अपने अन्य साथी युवक के साथ स्वां नदी में नहाने के लिए पानी में उतरा, लेकिन वहां वह अचानक लापता हो गया। पंडोगा पुलिस टीम शनिवार को दिनभर उसकी तलाश में जुटी रही, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया।

रविवार को स्थानीय पंचायत प्रधान अजय कुमार लवली व अन्य ग्रामीण भी मौके पर थे। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस टीम इस संदर्भ में आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

दौलतपुर में गिरा स्लेटपोश मकान

नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने नुकसान का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

दौलतपुर चौक (ऊना)। नगर पंचायत दौलतपुर चौक के वार्ड छह में एक महिला का स्लेटपोश मकान जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि महिला इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गई।

रविवार सुबह वार्ड नंबर छह में कृष्णा देवी का स्लेटपोश कच्चा मकान अचानक गिर गया। इसकी चपेट में आने से वह बाल-बाल बच गई। गौरतलब है कृष्णा देवी विधवा है। वह बड़ी मुश्किल से जीवन का गुजर-बसर कर रही है। अब मकान गिरने से कृष्णा देवी की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

हादसे की सूचना मिलने के बाद नगर पंचायत दौलतपुर चौक के अध्यक्ष धर्मजीत सिंह और उपाध्यक्ष सुनीता देवी ने मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कृष्णा देवी को ढांढस बंधाया। धर्मजीत सिंह ने बताया कि इस बाबत राजस्व विभाग से शीघ्र नुकसान का आकलन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़िता को जल्द मुआवजा देने की मांग की है।



दौलतपुर चौक में बारिश से गिरे मकान के अंदर खड़ी पीड़ित महिला। (संवाद)

चपेट में आने से वह बाल-बाल बच गई पीड़िता, प्रशासन से मुआवजा देने की मांग

बारिश से मिडल स्कूल रामपुर का शौचालय और चारदीवारी ढही

नंगल जरियाला में बारिश से मकान की दीवारें गिरीं, बाल-बाल बचा परिवार

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना/दौलतपुर चौक। जिला मुख्यालय के साथ लगते मिडल स्कूल रामपुर का शौचालय और चारदीवारी बारिश के बाद ढह गई।

गनीमत रही कि यह घटना रात के वक्त हुई अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं नंगल जरियाला गांव के वार्ड नंबर तीन में बारिश से मकान की दीवारें गिर गईं। गनीमत यह रही कि मकान की दीवारें गिरते वक्त परिवार इसकी चपेट में नहीं आया। मिडल स्कूल रामपुर में ड्यूटी के लिए शनिवार सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो वे दंग रह गए। स्कूल का शौचालय और चारदीवारी ढही मिली। शिक्षक विनोद ने बताया कि बरसात के कारण पहले ही स्कूल का एक भाग धंस रहा था। इसकी सूचना भी विभाग को दी थी। अब शुक्रवार रात को एक भाग पूरी तरह से धंस गया और काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रधान को मौके पर बुलाया है। स्कूल में मार्गदर्शन के लिए आने वाले बच्चों के लिए अब खतरा होगा।



रामपुर स्कूल की गिरी दीवार और शौचालय। -संवाद



नंगल जरियाला में ढही मकान की दीवार। -संवाद

नंगल जरियाला गांव के वार्ड तीन में बारिश से एक मकान की दीवारें गिर गईं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर शाम को लाल चंद पुत्र शंकर सिंह के मकान की दो दीवारें अचानक धराशायी हो गईं। घटना में लाल चंद परिवार सहित बाल-बाल बच गया।

गौर हो कि लाल चंद अल्पसंख्यक परिवार से संबंधित है और मकान के क्षतिग्रस्त होने से उसके सिर पर छत नहीं बची है। उसे शरण लेने के लिए किसी दूसरे के मकान में जाना पड़ा है। दिहाड़ी लगाकर परिवार का गुजर बसर करने वाले लाल चंद पर मानो दुखों का पहाड़ गिर गया हो। ग्राम पंचायत उपप्रधान शौर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील जरियाल ने लाल चंद के क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया और उसे ढांढस बंधाया। साथ ही प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रशासन लाल चंद को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करे, ताकि उसे सिर छुपाने के लिए छत नसीब हो सके।

Dated 04-08-2021

पंजाब केसरी

WED,04 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1



घनारी : गगरेट क्षेत्र में हुई भारी बरसात के कारण नंगल जरियालां में गिरे पुराने मकान के मलबे को हटाकर यातायात बहाल करती जे.सी.बी.। (पत्रकार)

Dated 05-08-2021

पंजाब केसरी
THU,05 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

स्वां नदी में फंसी प्रवासी लड़की को बचाया

अम्ब, 4 अगस्त (अश्विनी): उपमंडल अम्ब के तहत तलवाल गांव के लोगों ने स्वां नदी के ऊफान में फंसी एक प्रवासी लड़की को बचाया है। लोगों ने रस्से खलकर लड़की को सुरक्षित ढंग से बरसाती पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार मंगलवार सायं उक्त गांव का अंकुर बाइक पर स्वां नदी को पार कर रहा था। इस बीच नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया और उसने बाइक वापस मोड़ ली लेकिन नदी में पैदल जा रही एक प्रवासी लड़की पानी के बीच फंस गई। स्थानीय निवासी बलवीर सिंह ने बताया कि उक्त घटना का पता चलने पर वह, साहिल व अन्य लोग रस्सा लेकर नदी के किनारे पहुंचे और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लोगों की सहायता से लड़की को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला गया।



अम्ब : तलवाल गांव के निकट स्वां नदी के उफान में फंसी प्रवासी लड़की को बाहर निकालता एक व्यक्ति। (अश्विनी)

Dated 13-08-2021

पंजाब केसरी
FRI,13 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3

स्वाणा में क्षतिग्रस्त मकान में रह रहा अशोक कुमार

चिंतपूर्णी, 12 अगस्त (सुनील): जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वाणा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-2 निवासी अशोक कुमार क्षतिग्रस्त मकान में रहकर गुजर-बसर करने को मजबूर है। अशोक कुमार के मकान का कुछ हिस्सा पिछले वर्ष गिर गया था और बाकी हिस्सा इस वर्ष गिर गया। अशोक कुमार अब मकान के एक हिस्से में बने बरामदे में जान हथेली पर लेकर सो रहा है।

अशोक अविवाहित है तथा अकेला ही इस खस्ताहाल मकान में रह रहा है और एक गाय को रखकर तथा गाय का दूध बेचकर अपना गुजारा करता है। उसने बताया कि उसके पास मकान बनाने के लिए कोई पैसा नहीं है। अशोक कुमार ने सरकार से मांग की है कि उसे मकान बनाने के लिए पैसा मुहैया करवाया जाए।



चिंतपूर्णी : स्वाणा निवासी अशोक कुमार अपने गिरे हुए मकान को दिखाता हुआ। (सुनील)

Dated 14-08-2021

पंजाब केसरी
SAT,14 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

पीरनिगाह में आग की भेंट चढ़ी 3 दुकानें

प्रातः करीब 3 बजे हुआ हादसा, आग लगने के कारणों का नहीं लगा पता

ऊना, 13 अगस्त (सुरेन्द्र): प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह के निकट दुकानों में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रातः करीब 3 बजे जब दुकानों से लपटें निकलने लगी तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक 3 दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। हालांकि दमकल कर्मियों ने अन्य दुकानें को बचा लिया।

इस घटना से प्रसाद की दुकानों में रखे गए सामान के अतिरिक्त एक मनिहारी की दुकान का भी सारा सामान नष्ट हो गया। यह दुकानें सुनील, रामजीदास तथा हंसराज की थीं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फायर ऑफिसर नीतिन धीमान ने बताया कि दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लाखों रुपए के सामान का नुकसान हुआ है।



ऊना : धार्मिक स्थल पीरनिगाह मंदिर के निकट आग की लपेट में आई दुकानें। (निगम)

Dated 28-08-2021

पंजाब केसरी
SAT,28 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1



ऊना : उपमंडल अम्ब के तहत बीजापुर–कुठियाड़ी में एकाएक खड्ड में बाढ़ आ गई तो उसमें एक ट्राला फंस गया जिसे पोकलेन की मदद से बाहर निकाला गया। हालांकि ऊना के अधिकतर क्षेत्र सूखे रहे लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश से खड्डें उफान पर रहीं। (सुरेन्द्र)

Dated 29-08-2021

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 4



बंगाणा: ऊना-बड़सर हाईवे पर बिलकुआली में भू-स्खलन होने से सड़क पर गिरीं चट्टानें। (वर्मा)

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 3



अम्ब : बारिश से अम्ब कोर्ट परिसर को जाने वाले रास्ते में भरा हुआ पानी। (वर्मा)

पंजाब केसरी SUN,29 AUGUST 2021
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 1

ऊना में बारिश से स्वां नदी उफान पर, घर में घुसा पानी

ऊना, 28 अगस्त (मनोहर): ऊना जिले में शुक्रवार रात्रि हुई बारिश से स्वां नदी सहित कई खड्डें व नाले उफान पर रहे। इस दौरान एक घर में बारिश का पानी भी घुस गया। यहां हालात ऐसे बन गए कि फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाना पड़ा। वहीं बारिश के बावजूद अभी तक जिले के लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बारिश के बावजूद अधिकतम पारे में वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोग बेहाल हैं।

बारिश के कारण सुबह करीब साढ़े 3 बजे अमित कुमार निवासी भड़ौलियां कलां के रिहायशी घर में बारिश का पानी घुस गया। घर में बारिश का ज्यादा पानी आने पर अग्निशमन केंद्र को सूचित किया गया।



ऊना : उफान पर स्वां नदी। शनिवार सुबह हुई तेज बारिश के चलते स्वां नदी का बढ़ा जलस्तर। (सुरेन्द्र)

अग्निशमन केंद्र ऊना से परिशामक दक्ष कुमार, चालक गुरभाग सिंह व गृहरक्षक रमेश चंद मौके पर पहुंचे और घर में घुसे बरसाती पानी को बाहर निकाला। घर में बारिश का पानी घुसने से अमित कुमार को आर्थिक नुक्सान भी हुआ है।